
www.tamsasanket.com
वर्ष: 06 || अंक 51 || लखनऊ
गुरूवार
21 मई 2026 || पृष्ठ: 04 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:16
सूर्यास्त: 06:50
अधिकतम: 43°00
न्यूनतम: 29°00



पेज 07

विशेष समाचार
अपराधमुक्त राजनीति से ही ... >>पेज 04
केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग... >>पेज 06
कश्मीर की सर्दियों में शूटिंग कर रहे ...



## सरकार आई तो जातीय जनगणना कराएंगे, शिवपाल ने कहा- पीएम जनता को बेवकूफ बना रहे

# 90 दिन में 69 हजार शिक्षक भर्ती पूरी करेंगे : अखिलेश

**बयान**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ में बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर 90 दिनों के भीतर 69 हजार शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी और अभ्यर्थियों को न्याय दिलाया जाएगा। सपा प्रमुख ने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी तो जातीय जनगणना कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज में बराबरी और अवसरों की समानता सुनिश्चित करने के लिए जातीय आंकड़ों का सही आकलन जरूरी है। अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए आंदोलन सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा का आंदोलन है। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया।

>> (शेष पेज 06 पर)



> जीत की किसी रणनीति का खुलासा नहीं करूंगा अखिलेश ने मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण के बयान पर कहा- सबसे पहले हमारा काम है कि आबादी के हिसाब से हक और अधिकार मिले। महिला आरक्षण बिल पर भी हमने सरकार से सवाल किए थे, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। वोट लूट के सवाल पर कहा- मैं जीत की किसी रणनीति का खुलासा नहीं करूंगा। वरना, आप बीजेपी को जाकर बता दोगे।

### अखिलेश का एक्स पर पोस्ट

2027 में 'PDA सरकार' बनाने के लिए हम यूपी की सभी 403 सीटों पर अपने कार्यकर्ताओं को पूरी तरह मुस्तैद रहने के लिए तैयार कर चुके हैं। हम चाहते हैं कि हमारे साथ एलायंस में जो भी चुनाव लड़े, उसे जीतने के लिए हमारी बूथ लेवल तक की मजबूत संगठनात्मक शक्ति का पूरा फायदा मिले। हमने हमेशा कहा है- ब ात 'सीट' की नहीं; 'जीत' की है। इस बार किसी दल की नहीं, एक 'समुदाय' की सरकार बनेगी, ये बात हम पहले ही कह चुके हैं। और उस समुदाय का नाम है 'PDA'।

> अखिलेश ने कहा कि ओबीसी को 27% की जगह सिर्फ 3.86% ही रिजर्वेशन दिया गया। इसी तरह से एससी कैंडिडेट्स को 21% की जगह 16.6% ही आरक्षण मिला। यानी पीडीए वर्ग के साथ 30% (20 हजार) सीटों का घोटाला हुआ। सबसे शर्मनाक बात तो यह है कि एसटी के 1133 पदों को तो खाली ही छोड़ दिया गया। आरक्षित वर्ग की सीटें दूसरों को दी गई हैं। हाईकोर्ट ने भी प्रक्रिया में आरक्षण लागू करने के तरीके पर सवाल उठाए थे।





### "जो पक्षपाती होता है, वह विश्वासघाती भी होता है"

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने पीडीए ऑडिट रिपोर्ट भी जारी की। उन्होंने कहा कि पक्षपात सामाजिक अन्याय को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा, "जो पक्षपाती होता है, वह विश्वासघाती भी होता है।

आरक्षण ही समाज के वंचित वर्गों का संरक्षक है।" अखिलेश ने कहा कि आरक्षण समानता का सबसे बड़ा माध्यम है।

और इसे कमजोर करने की कोशिश लोकतंत्र के लिए खतरा है।

### अर्थव्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर हमला

अखिलेश यादव ने देश की अर्थव्यवस्था को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार केवल "1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी" का नारा दे रही है, जबकि आम लोगों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था तब मजबूत होती है जब लोगों के पास कमाने और खर्च करने की क्षमता हो, लेकिन मौजूदा सरकार दोनों ही अवसर खत्म कर रही है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि 2019, 2022 और 2024 के चुनावों में समाजवादी पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ा है।

# मोदी ने मेलोनी को गिफ्ट की मेलोडी टॉफी

## इस वीडियो का व्यूज इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन पार

तमसा संकेत, एजेंसी



रोम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। पीएम मेलोनी ने एक्स पर इस वीडियो को पोस्ट कर कहा- "प्रधानमंत्री मोदी मेरे लिए गिफ्ट में बहुत-बहुत अच्छी टॉफी लेकर आए- मेलोडी। गिफ्ट के लिए थैंक्यू" इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन (10 करोड़) से ज्यादा बार देखा गया। वहीं एक्स पर भी इसे 74 लाख से ज्यादा व्यू मिले। पीएम मोदी अपने पांच देशों के दौरे के आखिरी चरण में मंगलवार को इटली पहुंचे। वहां पीएम मेलोनी ने उनका स्वागत किया। दोनों रोम की सड़कों पर एक ही कार में घूमे और करीब 2000 साल पुराने ऐतिहासिक कोलोजियम का दौरा भी किया। मोदी ने मेलोनी को 'मेलोडी' टॉफी इसलिए गिफ्ट की थी क्योंकि सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं के नामों को जोड़कर मेलोडी (Modi + Meloni=Melodi) शब्द काफी वायरल हो गया था। असल में मेलोनी और मोदी के नामों को जोड़कर लोगों ने मजाकिया और दोस्ताना अंदाज में मेलोडी कहना शुरू कर दिया था।

# अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

## ट्रम्प के 4 सांसदों ने उनके खिलाफ वोटिंग की

तमसा संकेत, एजेंसी



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन। अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50-47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रम्प सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रम्प इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है। यह वोट विपक्ष के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है जो कह रहे थे।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### दक्षिण भारत में कम बारिश का अनुमान

नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ। देश में गर्मी अपने पीक पर है। इस बीच मौसम एजेंसी स्काईमेट ने अरब सागर के ऊपर नया सिस्टम बनने की जानकारी दी है, जो मानसूनी हवाओं को कमजोर कर सकता है। इससे केरल समेत दक्षिण भारत में बारिश कम होने की आशंका है।

### पीएम देश के लिए काम कर रहे : शरद पवार

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को पीएम की तारीफ की। पवार ने कहा- भले ही हमारी राजनीतिक सोच पीएम नरेंद्र मोदी से अलग हो, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रधानमंत्री के रूप में वह अंतर-राष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी राष्ट्रीय हित में सामूहिक रूप से काम करने का अवसर मिले, तब सभी को साझा उद्देश्य के साथ आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के सम्मान को लेकर मतभेद आड़े नहीं आने चाहिए।

### देशभर में 15 लाख दवा दुकानें बंद

नई दिल्ली। दवाओं की ऑनलाइन बिक्री और बड़ी कंपनियों के कॉम्पिटीशन के विरोध में बुधवार को देशभर के 15 लाख से ज्यादा मेडिकल स्टोर बंद हैं। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) ने एक दिन की हड़ताल का ऐलान किया है। बंद का मामूली असर दिख रहा है।

# सीजेआई के बयान के विरोध में बनी कॉकरोच जनता पार्टी

## इंस्टाग्राम पर 5 दिन में 60 लाख फॉलोअर्स, भाजपा के 87 लाख

- अभिजीत दीपके बॉस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन की मास्टर डिग्री कर रहे हैं।

तमसा संकेत, एजेंसी



अभिजीत दीपके

नई दिल्ली। CJI सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी 'कॉकरोच जनता पार्टी' के सोशल मीडिया पर 5 दिन में लाखों फॉलोअर हो गए हैं। बुधवार शाम 7 बजे तक यह आंकड़ा इंस्टाग्राम पर 60 लाख से ज्यादा और X पर करीब 1 लाख 26 हजार तक पहुंच गया। इंस्टाग्राम पर भाजपा के 87 लाख और कांग्रेस के 1.32 करोड़ फालोअर हैं। कॉकरोच जनता पार्टी महाराष्ट्र के अभिजीत दीपके ने बनाई है। इसका नारा है- 'सेक्युलर, सोशलिस्ट, डेमोक्रेटिक, लेजी।' पार्टी के महज एक दिन में ही 40 लाख से ज्यादा फॉलोअर बढ़ चुके हैं। दरअसल, 15 मई को कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि CJI सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी। CJI ने एक दिन बाद ही कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा।

>> (शेष पेज 06 पर)

## अमेठी में कहा- देश में बिजनेस बंद हो रहे, मोदी मेलोनी को टॉफी खिला रहे

# आरएसएस के लोगों से कहें कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री गद्दार : राहुल

**विरोध**

तमसा संकेत, एजेंसी

आशीष/अखिलेश। रायबरेली/अमेठी। राहुल गांधी ने रायबरेली में बुधवार को कहा कि जब RSS के कार्यकर्ता आपके सामने आएंगे तो उनसे खुलकर कहिएगा कि आपका प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और संगठन गद्दार है। आपने हिंदुस्तान को बेचने का काम किया है। कांग्रेस सांसद ने कहा, अब आर्थिक तूफान आ रहा है। मोदी आपको बचा नहीं पाएंगे। याद रखना, जैसे कोविड और नोटबंदी के समय रोए थे, कहा था- मुझे फांसी पर लटका देना। वैसे ही टीवी पर फिर आएंगे। हाथ जोड़ेंगे। रोएंगे। कहेंगे- मेरी गलती नहीं है। इसके बाद राहुल अमेठी पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा- इटली की पीएम मेलोनी को नरेंद्र मोदी टॉफी खिला रहे हैं।



>> (शेष पेज 06 पर)

### मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा- राहुल गांधी 'कन्फ्यूज नेता' हैं

योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रायबरेली की जनता ने उन्हें विकास की उम्मीद के साथ सांसद चुना था, लेकिन वह जनता के भरोसे का मजाक बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक "कन्फ्यूज राजनेता" हैं, जो रायबरेली को सेवा के बजाय राजनीतिक रोटियां सेंकने का मैदान समझते हैं।

- राहुल गांधी ने रायबरेली में समर्थकों को देखकर अपना काफिला रुकवाया। उनसे हाथ मिलाया और हालचाल पूछा।
- बहुजन स्वाभिमान सभा में राहुल के पहुंचने पर कांग्रेसियों ने जिंदाबाद के नारे लगाए। पैर भी छुए।

### राहुल ने एक्स पर लिखा- मोदी इटली में टॉफी बांट रहे

राहुल ने लिखा- आर्थिक तूफान सिर पर है और हमारे प्रधानमंत्री इटली में टॉफी बांट रहे हैं। किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर और छोटे व्यापारी सब रो रहे हैं। PM हंसकर रील बना रहे हैं और BJP वाले ताली बजा रहे हैं।

### एलजेपी सांसद अरुण भारती बोले- राहुल देश का मजाक उड़ा रहे


राहुल गांधी के बयान पर LJP(R) सांसद अरुण भारती ने कहा, प्रधानमंत्री जब देश के बाहर जाते हैं तो ये अंतर्राष्ट्रीय रिश्ते हैं, जहां आपको भारत के भविष्य को ध्यान में रखकर अलग-अलग करार करने पड़ते है।

## निर्देश : शिक्षा मंत्री बोले- तुरंत ब्लॉक करें, पेपर लीक केस में 5 आरोपी जेल भेजे गए

# नीट री-एग्जाम से पहले फेक टेलीग्राम चैनल्स पर एक्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/जयपुर/लातूर। नीट यूजी के 21 जून को होने वाले री-एग्जाम को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने परीक्षा से जुड़ी अफवाहें फैलाने वाले फर्जी टेलीग्राम चैनलों और ऑनलाइन नेटवर्क्स पर एक्शन लेने के निर्देश दिए। खुफिया एजेंसियों ने बुधवार को सरकार को बताया कि कई फर्जी टेलीग्राम चैनल कुछ ही मोबाइल नंबरों से चलाए जा रहे हैं। इससे संगठित गिरोह के सक्रिय होने की आशंका है। वहीं दिल्ली की एक कोर्ट ने नीट पेपर लीक केस में पांच आरोपियों को 2 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने CBI की मांग पर यह आदेश दिया। शिक्षा मंत्री ने नीट री-एग्जाम की तैयारियों और सुरक्षा इंतजामों को लेकर शिक्षा मंत्रालय और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था और संभावित गड़बड़ियों को रोकने के उपायों पर चर्चा हुई। सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों मेटा, गूगल और टेलीग्राम के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। इसमें बताया गया कि बड़ी परीक्षाओं से पहले कई फर्जी टेलीग्राम चैनल और अलग अलग प्लेटफॉर्म्स पर ऑनलाइन ग्रुप सक्रिय हो जाते हैं।







> इस पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ऐसे चैनलों को तुरंत पहचानकर ब्लॉक करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया कंपनियों और एजेंसियों को मिलकर तेजी से कार्रवाई करने को कहा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### पेपर लीक केस में 5 आरोपी न्यायिक हिरासत में

दिल्ली की एक कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में मंगीलाल खटीक, विकास बिवाल, दिनेश बिवाल, यश यादव और धनंजय लोखंडे को 2 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा है। वहीं आरोपी शुभम खैरनार की CBI हिरासत पांच दिन और बढ़ा दी गई है ताकि उससे आगे पूछताछ की जा सके। एजेंसी ने दो अन्य आरोपियों मनीषा मंधारे और शिवराज मोटेगांवकर के हस्ताक्षर नमूने लेने की अनुमति भी अदालत से मांगी।

# पश्चिम बंगाल सरकार ने बीएसएफ को 27 किलोमीटर जमीन सौंपी

## सीएम बोले- घुसपैठियों को पकड़कर सुरक्षा बल को देंगे

**बैठक**

तमसा संकेत, एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के CM सुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को भारत-बांग्लादेश बॉर्डर की 27 किलोमीटर जमीन BSF को सौंपी। इस पर फेंसिंग लगाने और सुरक्षा स्ट्रक्चर बनाया जाएगा। CM सुवेंदु ने कोलकाता में BSF को जमीन देने के लिए हुई बैठक में कहा कि कहा कि यह सिर्फ शुरुआत है। आगे जहां भी सीमा सुरक्षा के लिए जमीन की जरूरत होगी, राज्य सरकार उसे BSF को उपलब्ध कराएगी। अधिकारी ने कहा कि राज्य की 2200 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा में से करीब 1600 किलोमीटर हिस्से में फेंसिंग हो चुकी है, जबकि लगभग 600 किलोमीटर सीमा अब भी बिना फेंसिंग के है। CM ने कहा कि सीमा सुरक्षा मजबूत करने के लिए फेंसिंग का काम तेजी से पूरा करना जरूरी है। इसी बीच, सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने "वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण" की वजह से BSF को जमीन नहीं दी। CM अधिकारी ने यह भी कहा कि पिछले कई सालों से सीमा वाले जिलों में BSF, राज्य पुलिस और जिला प्रशासन के बीच समन्वय बैठकें नहीं हो रही थीं। अब इन बैठकों को फिर से शुरू कर दिया गया है।

# 96 लाख एमएसएमई इकाइयों से 3 करोड़ लोगों को रोजगार, निर्यात में 46% योगदान

# एमएसएमई सेक्टर बनेगा विकसित उत्तर प्रदेश का मजबूत आधार : मंत्री भूपेन्द्र चौधरी

**समीक्षा**

- युवा स्वरोजगार और विश्वकर्मा योजना से कारीगरों को मिलेगा नया संबल
- निजी औद्योगिक पार्क और तकनीकी उन्नयन से एमएसएमई को मिलेगी नई रफ्तार



**उद्यम स्थापना से निर्यात तक हर स्तर पर मिलेगा सहयोग: मंत्री भूपेन्द्र चौधरी**

> मंत्री श्री चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि एमएसएमई सेक्टर प्रदेश को देश के अग्रणी और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा इसके माध्यम से युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री श्री भूपेन्द्र चौधरी ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत विधानसभा सभागार कक्ष संख्या-80 में विभागीय समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश को विकसित राज्य बनाने में एमएसएमई सेक्टर की भूमिका को और सशक्त बनाया जाए। इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री हंसराज विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि उद्यम स्थापना से लेकर उत्पादन, विपणन और निर्यात तक प्रत्येक स्तर पर उद्यमियों को समुचित सहयोग उपलब्ध कराया जाए, जिससे निवेश और रोजगार के अवसरों में निरंतर वृद्धि हो। बैठक में विभागीय प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि प्रदेश में वर्तमान में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं, जिनके माध्यम से लगभग 3 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त हो रहा है। साथ ही, प्रदेश के कुल निर्यात में एमएसएमई क्षेत्र का योगदान लगभग 46 प्रतिशत है, जो इसकी आर्थिक महत्ता को दर्शाता है। बैठक में प्रमुख सचिव एमएसएमई श्री शशि भूषण लाल सुशील, विशेष सचिव श्री शिशिर, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग के. विजेंद्र पांडियन तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विभाग की योजनाओं को तेजी से लागू किया जाएगा

मंत्री श्री भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विभाग की योजनाओं को तेजी से लागू किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से युवाओं एवं पारंपरिक कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाया जाए। साथ ही अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्गों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने 'मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यम दुर्घटना बीमा योजना' एवं 'उत्तर प्रदेश सूक्ष्म लघु उद्योग तकनीकी उन्नयन योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि उद्यमियों को सुरक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीक से भी सशक्त किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रदेश में निजी औद्योगिक पार्कों की स्थापना तथा सभी जिला उद्योग केंद्रों के आधुनिकीकरण के निर्देश भी दिए गए।

# अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध प्रदेशव्यापी सख्त अभियान

## 636 वाहनों पर कार्रवाई, 2.93 करोड़ रुपये का अधिरोपण

तमसा संकेत, संवाददाता



- खनन क्षेत्रों में लोडिंग मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए - श्रीमती माला श्रीवास्तव

लखनऊ। प्रदेश में उपखनिजों के अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश श्रीमती माला श्रीवास्तव के निर्देश पर संयुक्त निदेशक श्री अमित कौशिक के नेतृत्व में निदेशालय स्तर से मिर्जापुर, सोनभद्र, हमीरपुर, महोबा, सहारनपुर एवं चित्रकूट सहित विभिन्न जनपदों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जांच में अधिकांश वाहन वैध परिवहन प्रपत्रों के साथ संचालित पाए गए, जबकि जिन वाहनों में अवैध परिवहन अथवा ओवरलोडिंग पाई गई, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत लगभग 636 वाहनों पर 2 करोड़ 93 लाख रुपये का अधिरोपण किया गया, जिसमें से 1 करोड़ 93 लाख रुपये की धनराशि मौके पर ही जमा कराई गई। विशेष अभियान की समीक्षा करते हुए सचिव एवं निदेशक श्रीमती माला श्रीवास्तव ने अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अन्य राज्यों से आने वाले उपखनिजों का परिवहन केवल वैध आईएसटीपी प्रपत्रों के साथ ही सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग न होने दी जाए।

**फास्ट न्यूज**

### ट्रेन में बक्से में मिले शव की पहचान हुई

लखनऊ। लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के कोच में मिले युवती के कटे शव की शिनाख्त हो गई है। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सर्विलांस की मदद से जीआरपी ने मृतका की पहचान कुशीनगर निवासी युवती के रूप में की है। पुलिस के अनुसार, मामले के खुलासे के करीब पहुंच चुकी जांच में शुरुआती तौर पर हत्या के पीछे पारिवारिक कारण सामने आ रहे हैं। इस मामले में पुलिस ऑनर किलिंग एंगल से जांच कर रही है।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में एबीवीपी का हंगामा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय न्यू कैंपस में बुधवार को ABVP कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। VC ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए। छात्रों ने LLB परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

छात्र सौरभ तिवारी ने कहा- यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर चपरासी से कॉपी चेक कराते हैं। यही कारण है कि बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स फेल हुए हैं। मो.गुफरान ने कहा- 5 मई को रिजल्ट आया। पहले फेल किया। अगले दिन पोर्टल पर पास दिखने लगा।

### लखनऊ सिविल अस्पताल में लागू हुआ टोकन सिस्टम

लखनऊ। लखनऊ के डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल की OPD में अब मरीजों को घंटों तक लंबी कतार में खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अस्पताल प्रशासन ने OPD में टोकन व्यवस्था लागू कर दी है, जिससे प्रतिदिन आने वाले हजारों मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य भीड़भाड़ को कम करना और मरीजों के समय की बचत करना है।

# 13 साल की किशोरी ने किया सुसाइड

## पिता घर पहुंचे तो गेट अंदर से बंद मिला

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ के कैंट थाना क्षेत्र के नीलमथा शारदानगर इलाके में 13 वर्षीय किशोरी ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मंगलवार शाम हुई घटना के समय किशोरी घर में अकेली थी। पिता काम से लौटे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो बेटी साड़ी के फंदे से लटकी मिली। नीलमथा शारदानगर निवासी धनीराम राजमिस्त्री हैं। उनकी सबसे छोटी बेटी गौरी (13) कक्षा चार की छात्रा थी और आर्य बाजार स्थित स्कूल में पढ़ती थी। परिवार में मां आशा देवी, भाई अर्जुन और दो बहनें हैं। बड़ी बहन रोशनी की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी बहन चांदनी घर पर रहती है।

परिजनों के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे गौरी घर में अकेली थी। मां बकरी चराने गई थीं और भाई अर्जुन अपनी बुआ के यहां गया हुआ था। इसी दौरान गौरी ने कमरे में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। शाम को काम से लौटे पिता धनीराम ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो गौरी फंदे से लटकी मिली। परिजन आनन-फानन में उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### मोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर सपा का भाजपा सरकार पर हमला, सांसद इकरा हसन के समर्थन में उतरे नेता

# इंसाफ की आवाज दबाने का प्रयास लोकतंत्र के लिए खतरा : अखिलेश



तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। अखिलेश यादव ने सहारनपुर में मोनू कश्यप हत्याकांड के पीड़ित परिवार के समर्थन में पहुंचे समाजवादी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब न्याय की मांग करने वालों को ही हिरासत में लिया जाने लगे, तब यह लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए चिंता का विषय बन जाता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पीड़ितों को न्याय दिलाने की बजाय उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि Iqra Hasan का कसूर केवल इतना है कि वह एक दुखी मां और पीड़ित परिवार के साथ खड़ी हुईं, जिसने अपना बेटा खोया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और संवेदनशील मामलों में भी प्रशासन का रवैया कठोर बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में सामाजिक न्याय और पीडीए समाज से जुड़े लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इंसाफ की लड़ाई लड़ने वालों को डराने और दबाने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा समर्थक भी ऐसी घटनाओं से शर्मिंदा होंगे और निर्दोष लोगों के साथ हो रहे व्यवहार की निंदा करेंगे।

### जनता अब सरकार की नीतियों को समझ चुकी

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने की बजाय उन्हें ही परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय बढ़ा है। नेताओं ने दावा किया कि जनता अब सरकार की नीतियों को समझ चुकी है और आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देगी।

> धरने और विरोध प्रदर्शन के दौरान विधायक नाहिद हसन, विधायक आशु मलिक, विधायक उमर अली खान, पूर्व विधायक माविया अली, पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, मनोज चौधरी सहित बड़ी संख्या में सपा नेता, अधिवक्ता, पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे घटनाक्रम को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है।


दरअसल, शामली जनपद के चर्चित मोनू कश्यप हत्याकांड में पीड़ित परिवार के सदस्य कैराना सांसद इकरा हसन और पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप के साथ सहारनपुर परिक्षेत्र के डीआईजी से मुलाकात करने पहुंचे थे। आरोप है कि इस दौरान पुलिस प्रशासन ने पीड़ित परिवार और उनके समर्थकों के साथ अभद्र व्यवहार किया। बाद में शांति भंग की आशंका का हवाला देते हुए पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, सपा प्रदेश सचिव समेत कई लोगों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

**हंगामा : नीट परीक्षा रद्द होने पर जताई नाराजगी ■ एलयू गेट पर प्रदर्शन**

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका



तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर 1 पर विरोध प्रदर्शन हुआ। BAPSA और समाजवादी छात्र संगठन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका। इसके पहले पुतले को जूते से फूंका। NEET परीक्षा रद्द होने और पेपर लीक मामले को लेकर जमकर हंगामा किया।

प्रदर्शनकारी और पुलिस में बीच काफी देर तक नोकझोंक हुई। पुलिस ने पुतला जलाने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर पुलिस ने इको गार्डन भेजा।


अंकित कुमार गौतम ने कहा कि शिक्षा मंत्री के साथ NTA भी जिम्मेदार है। NTA सफल और पारदर्शी परीक्षा कराने में विफल है, तो उसे बार बार ये जिम्मेदारी क्यों दी जा रही है? पिछली बार पेपर लीक हुआ था तो उस समय NTA को क्यों नहीं ब्लैक लिस्ट किया गया था। दोबारा इस एजेंसी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी क्यों सौंपी गई? हमारी मांग है कि तत्काल NTA को बंद किया जाए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने से छात्र मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं। हम भी एक छात्र हैं और छात्रों का दर्द समझते हैं। पेपर लीक और पेपर रद्द होने से आहत होकर लखीमपुर के एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली यह बेहद दुखद मामला है।

### शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाए

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाए । प्रदर्शनकारी मानव रावत ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद कर देना चाहिए। ये बेहद शर्मनाक है कि कभी पेपर लीक हो जाता है कभी परीक्षा रद्द हो जाती। जिसका सीधा प्रभाव छात्रों की मानसिक स्थिति पर पड़ता है। घर से पैसे लेकर तैयारी करने वाला छात्र अवसाद में चला जाता है। परीक्षा समय पर न होने पर बच्चों के साथ पूरा परिवार डिस्टर्ब जाता है।

# मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव लखनऊ पहुंचे





तमसा संकेत, एजेंसी

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम को अपर्णा यादव के घर पहुंचे।
- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रतीक यादव के परिवार को ढांढस बंधाया।
- परिवार को बंधाया ढांढस, जताई संवेदना

लखनऊ। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज लखनऊ पहुंचे। वे राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के आवास पर गए। उनके पति प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे परिवार के साथ खड़े हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव शाम करीब 6 बजे अपर्णा यादव के घर पहुंचे। अपर्णा यादव से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। 13 मई को लखनऊ के सिविल अस्पताल में प्रतीक यादव का निधन हो गया था। सुबह करीब 7 बजे उन्हें अस्पताल लाया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## 'नव नियुक्त खण्ड विकास अधिकारी गांवों के विकास को नई गति दें'

# जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये कार्य करें : केशव प्रसाद

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने नव नियुक्त खण्ड विकास अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि वे अपनी प्रतिभा, क्षमता और प्रशासनिक दक्षता का भरपूर उपयोग करते हुए ग्रामीण जनता की सेवा पूरे समर्पण भाव से करें तथा गांवों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी ग्रामीण विकास की अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी हैं। गांवों में सरकार की योजनाओं का वास्तविक क्रियान्वयन उन्हीं के माध्यम से होता है। इसलिए सभी अधिकारी ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला एवं युवा कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण सड़क, स्वच्छता, पेयजल तथा आजीविका से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस अवसर पर आयुक्त ग्राम्य विकास श्री जी एस प्रियदर्शी ने नव नियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा ग्रामीण विकास योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करें।नव चयनित अधिकारियों ने भी पूर्ण समर्पण एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने तथा ग्रामीण विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

### अधिकारियों को निर्देशित किया गया

मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नव नियुक्त खण्ड विकास अधिकारियों का नियमानुसार प्रशिक्षण शीघ्र कराया जाए तथा उन्हें नियमानुसार फील्ड में तैनाती सुनिश्चित करें। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2024 के माध्यम से चयनित खण्ड विकास अधिकारियों में से 42 अधिकारियों ने मंगलवार को जवाहर भवन स्थित आयुक्त कार्यालय, ग्राम्य विकास विभाग में आयुक्त ग्राम्य विकास श्री जी.एस. प्रियदर्शी के समक्ष अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत की।

- उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी केवल सरकारी कर्मचारी के रूप में नहीं, बल्कि जनसेवक के रूप में कार्य करें। ग्रामीण जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनें और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास से ही प्रदेश और देश का विकास संभव है।

### लखनऊ में बिजली कटौती के विरोध में विधायक धरने पर

लखनऊ। लखनऊ में मंगलवार को बिजली कटौती से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने कई जगहों पर जोरदार प्रदर्शन किया। लखनऊ पश्चिम विधानसभा के विधायक अरमान खान तालकटोरा पावर हाउस पर धरने पर बैठे हुए हैं। केसरी खेड़ा वार्ड के आरडीएसओ पॉवर हाउस पर सैंकड़ों की संख्या में नाराज लोगों ने देर रात धावा बोल दिया। इसके बाद मौके से अधिकारी-कर्मचारी भाग गए। मामले की सूचना पर दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।

नादरगंज के अंबेडकर पावर पर बिजली कटौती को लेकर जोरदार प्रदर्शन हुआ। यहां से एसएसओ पावर हाऊस छोड़कर भाग गए। राजाजीपुरम स्थित सारीपुर इलाके में बिजली कटौती को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए। केसरी खेड़ा के स्थानीय पार्षद देवेंद्र सिंह यादव जीतू ने बताया कि सूर्य नगर के ट्रांसफार्मर आए दिन खराब हो जाता है। इसकी शिकायत पर बिजली विभाग के लोग सुबह बनाते हैं।

# खाद्य एवं रसद विभाग तथा नागरिक आपूर्ति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

तमसा संकेत, संवाददाता

**शासन के मंशानुरूप पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्वक ढंग से गेहू क्रय एवं कृषकों को त्वरित भुगतान किया जाए- मंत्री मनोज पांडे**



लखनऊ। माननीय कैबिनेट मंत्री (खाद्य एवं रसद विभाग तथा नागरिक आपूर्ति) श्री मनोज पांडेय की अध्यक्षता में आज खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभागीय योजनाओं, गेहूँ क्रय, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राशन वितरण व्यवस्था तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस अवसर पर श्री सतीश चंद्र मिश्रा (राज्य मंत्री) खाद्य एवं रसद विभाग तथा नागरिक आपूर्ति, श्री रणवीर प्रसाद (प्रमुख सचिव) सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित जनपदों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी गेहू क्रय केन्द्रों का संचालन गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से किया जाये। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये, उनसे अच्छे तरीके से व्यवहार किया जाए, वो हमारे अन्यदाता होते हैं। उन्होंने ने कहा कि प्रत्येक क्रय केन्द्र पर उपकरणों व इलेक्ट्रॉनिक काँटा, बोरो व इस्टोरेज की उपलब्धता 48 घंटे में शतप्रतिशत सुनिश्चित कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही कदपि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लक्ष्य के सापेक्ष गेंहू खरीद समस्त केंद्रों पर शतप्रतिशत कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री व माननीय मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप रूप पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से राशन उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# भीषण गर्मी और तेज धूप से लोग परेशान, दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा

# उन्नाव में 43 डिग्री तापमान दर्ज



तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में बुधवार को भीषण गर्मी और तेज धूप ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर तक सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगा। भीषण गर्मी का सबसे अधिक असर दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों और राहगीरों पर पड़ा।

तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच काम करने को मजबूर लोगों को बार-बार पानी और छांव का सहारा लेना पड़ा। कई स्थानों पर लोग सिर पर पानी डालकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश करते दिखे। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

डॉक्टरों के अनुसार बढ़ती गर्मी और लू के कारण हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, उल्टी और दस्त जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।



**भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग भी बढ़ गई है। लोग कूलर, पंखे और एसी का सहारा लेते नजर आए। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है।**

विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### बाजारों और चौराहों पर कम हुई भीड़

*गर्मी और लू के चलते बाजारों तथा प्रमुख चौराहों पर आम दिनों की तुलना में कम भीड़ दिखाई दी। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग सिर और चेहरे को गमछा, तौलिया और दुपट्टे से ढककर निकलते नजर आए। कई लोग धूप से राहत पाने के लिए पेड़ों और दुकानों की छांव में रुकते दिखाई दिए।*

### दोपहर में बाहर निकलने से बचने की अपील

*चिकित्सकों ने कहा कि यदि बहुत जरूरी न हो तो दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचना चाहिए। बाहर जाते समय सिर ढककर रखें, पर्याप्त पानी पिएं और हल्के सूती कपड़ों का इस्तेमाल करें।*

# बच्चों के विवाद पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## सीतापुर में लाठी-डंडों से मारपीट में 12 लोग घायल

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर के कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर में बधुवार सुबह बच्चों को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों ओर से 12 से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है जानकारी के अनुसार ग्राम महमूदपुर निवासी रोहित कुमार का गांव की ही महिला संत देवी से बच्चों को लेकर विवाद हो गया था। पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई,



लेकिन कुछ ही देर में मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लोग आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे और जमकर मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में रोहित कुमार के पक्ष से आदित्य, नेकपाल, सुरेन्द्री और प्रदीप घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की महिला संत देवी की ओर से लवलेश, मिथलेश, मोहन, राहुल, सरवन, धनदेवी और अंग्रेज घायल बताए गए हैं। कई लोगों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

**फास्ट न्यूज**

### कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया से मायावती ने नहीं की मुलाकात

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच, बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया के बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती से मुलाकात के प्रयास ने नए राजनीतिक कयासों को जन्म दिया है। सांसद तनुज पुनिया ने स्पष्ट किया कि वह मायावती का हालचाल जानने पहुंचे थे।

### लुटेरों ने एक दिन में दो बाइक लूटीं

उन्नाव। उन्नावअचलगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर लुटेरों ने ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देकर पुलिस व्यवस्था को चुनौती दी। अलग-अलग घटनाओं में बदमाशों ने दो बाइक लूट लीं और दो अन्य लोगों को निशाना बनाने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट कर दो लोगों को घायल भी कर दिया। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को आईजी रेंज लखनऊ किरण एस अचलगंज थाना पहुंचीं। उन्होंने एसएसपी जयप्रकाश सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह और सीओ बीघापुर मधुपनाथ मिश्र से विस्तृत जानकारी ली।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

उन्नाव। उन्नाव के बिहार थाना क्षेत्र के हलवा-लपुर गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की पहचान हलवालपुर निवासी सुनील कुमार (38) पुत्र हनुमान के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पत्नी मोनी देवी ने अपने पति की हत्या का आरोप लगाया है।

## ऑनलाइन बिक्री के विरोध में डीएम को ज्ञापन सौंपा, कुछ दुकानें खुली भी रहीं

# दवा व्यापारियों का प्रदर्शन, बंद का दिखा असर

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर में ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 मई को घोषित राष्ट्रव्यापी बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला। दवा व्यापारियों के दो गुटों में बंटी राय के कारण बंद पूरी तरह सफल नहीं हो सका। सुबह कई मेडिकल स्टोर बंद रहीं, लेकिन दोपहर बाद अधिकांश दुकानें खुल गईं और बाजार सामान्य होता नजर आया। बंद के समर्थन में दवा व्यापारी ग्रीकगंज में एकत्रित हुए। यहां से व्यापारियों ने पैदल मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग उठाई। उनका कहना था कि ऑनलाइन फार्मेसी के बढ़ते







कारोबार से छोटे दवा व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। प्रदर्श-नकारियों ने सरकार से ऑनलाइन फार्मेसी के लिए सख्त नियम लागू करने और निगरानी बढ़ाने की मांग

### मरीजों की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

दवा व्यापारियों ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री मरीजों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनती जा रही है। जिलाध्यक्ष गोपाल टंडन ने आरोप लगाया कि एआई तकनीक की मदद से नकली प्रिस्क्रिप्शन तैयार किए जा रहे हैं और नशीली दवाओं की ऑनलाइन सप्लाई भी हो रही है। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त सत्यापन के दवाएं मरीजों तक पहुंच रही हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर जोखिम बढ़ सकते हैं।

की। व्यापारियों का कहना था। दवा व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

> **बंद के दौरान दवा व्यापारियों में पूरी एकजुटता नजर नहीं आई। सीतापुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन से जुड़े कई दुकानदारों ने सुबह से ही अपनी दुकानें खुली रखीं। इसी वजह से बंद का असर सीमित दिखाई दिया और बाजार पूरी तरह बंद नहीं हो सका। दिनभर शहर में बंद और खुले बाजार को लेकर चर्चाएं होती रहीं। कि दवा जैसी संवेदनशील चीजों की बिक्री पूरी तरह नियंत्रित व्यवस्था के तहत होनी चाहिए।**

# नैमिषारण्य ललिता देवी मंदिर परिसर से हटे गुटखा और बीड़ी के ठेले

## 500 मीटर दायरे में तंबाकू-प्लास्टिक बिक्री पर सख्ती, दुकानदारों को हिदायत

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर की तीर्थ नैमिषारण्य स्थित मां ललिता देवी मंदिर परिसर को स्वच्छ और पवित्र बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के आदेश के बाद मंदिर के 500 मीटर परिधि क्षेत्र में गुटखा, बीड़ी, तंबाकू और सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। नगर पालिका मिश्रित नैमिषारण्य और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को क्षेत्र में पहुंचकर दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले जिलाधिकारी द्वारा मंदिर परिसर के आसपास तंबाकू उत्पादों और सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया गया था। आदेश के अनुपालन



को सुनिश्चित कराने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विन्ध्याचल के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। टीम ने मंदिर परिसर के आसपास निरीक्षण किया और गुटखा, बीड़ी व तंबाकू बेचते पाए गए दुकानदारों को तत्काल बिक्री बंद करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि मंदिर क्षेत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह गंभीर है और आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभियान का असर भी तुरंत देखने को मिला। कई दुकानदारों ने मौके पर ही गुटखा, बीड़ी और तंबाकू उत्पाद सहित सिंगल यूज प्लास्टिक हटाकर बिक्री बंद करने की बात कही। वहीं, मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया। श्रद्धालुओं का कहना है कि इससे मंदिर परिसर का वातावरण अधिक स्वच्छ और धार्मिक बनेगा। अभियान में नगर पालिका और पुलिस विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासनिक कार्रवाई का असर मौके पर ही देखने को मिला। कई दुकानदारों ने गुटखा, बीड़ी, तंबाकू उत्पाद और सिंगल यूज प्लास्टिक हटाकर बिक्री बंद करने की बात कही।अभियान के दौरान नगर पालिका और पुलिस विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे और लोगों को स्वच्छता तथा धार्मिक वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया गया।

# हरदोई में पिकअप की टक्कर से शिक्षिका-शिक्षामित्र की मौत

## स्कूटी से घर लौट रही थीं, इलाज के दौरान लखनऊ-कानपुर में तोड़ा दम

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में एक सड़क हादसे में प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका और एक शिक्षामित्र की मंगलवार देर रात मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के चिंतालपुरवा के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल दोनों महिलाओं ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह घटना मंगलवार दोपहर बाद छुट्टी के बाद हुई, जब प्राथमिक विद्यालय झौंनीपुरवा में तैनात शिक्षिका रुचि सचान (35) पत्नी मोनू, निवासी आजाद नगर, कोतवाली शहर अपनी स्कूटी से शिक्षामित्र रुचि पाल (38) पत्नी रामकृपाल, निवासी फिरोजाबाद, कोतवाली शहर के साथ घर लौट रही थीं। चिंतालपुरवा के पास



पहुंचते ही पिकअप ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार दोनों महिलाएं खाई में जा गिरीं। आसपास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और एम्बुलेंस व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां से उन्हें हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। हालांकि, शिक्षिका रुचि सचान के परिजन उन्हें कानपुर ले गए। मंगलवार देर रात कानपुर में इलाज के दौरान रुचि सचान की मौत हो गई। वहीं, लखनऊ के हायर सेंटर में भर्ती शिक्षामित्र रुचि पाल ने भी देर रात दम तोड़ दिया। शिक्षिका रुचि सचान के पति बैंककर्मी हैं और उनकी चार साल की एक बेटी है। शिक्षामित्र रुचि पाल के दो बच्चे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी और शिक्षक भी स्तब्ध रह गए। विद्यालय के सहकर्मियों ने दोनों महिलाओं को मेहनती और व्यवहार कुशल बताया। स्कूल में भी शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाकर आरोपी वाहन और चालक की तलाश कर रही है। अधिकारियों का कहना है।

## सैकड़ों लोगों ने सड़क जाम की, 20 मिनट में लगा लम्बा जाम

# लो-वोल्टेज से लोग परेशान

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर जिले के बिसवां कस्बे में बिजली की लो-वोल्टेज समस्या को लेकर बुधवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मोहल्ला शेख सराय के बड़ी संख्या में लोगों ने पहले बिसवां स्थित पावर हाउस पहुंचकर प्रदर्शन किया और बाद में बिसवां–सीतापुर रोड जाम कर दिया। करीब 20 मिनट तक सड़क जाम रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिसवां–सीतापुर रोड पर जाम लगने के बाद कुछ ही देर में दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सड़क पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया और लोगों को गर्मी में काफी देर तक फंसे रहना पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस





मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर की बातचीत और आश्वासन के बाद लोगों ने जाम समाप्त किया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

### लंबे समय से बनी है लो-वोल्टेज की समस्या

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि क्षेत्र में लंबे समय से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। कम वोल्टेज के कारण घरों में पंखे, कूलर, फ्रिज और अन्य बिजली उपकरण ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था खराब होने से लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार बिजली विभाग से शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। इसी वजह से लोगों में नाराजगी बढ़ती गई और आखिरकार उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा।

### पावर हाउस पहुंचकर की नारेबाजी

बुधवार को बड़ी संख्या में मोहल्लावासी बिसवां पावर हाउस पहुंचे और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों से तुरंत समस्या दूर करने की मांग की। मौके पर मौजूद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लोगों की शिकायतें सुनीं और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। हालांकि प्रदर्शन-कारी विभाग के आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए और विरोध जताते हुए सड़क जाम कर दिया।

### समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने बिजली विभाग से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सुधारने और पर्याप्त वोल्टेज उपलब्ध कराने की मांग की है।

**वारदात:** बच्चा न होने पर मौलाना के पास गई थी, रुपये भी वसूले

# झाड़-फूंक के नाम पर महिला से रेप

- आरोपी के रुपये लेने का वीडियो भी सामने आया है।
- जंगल में बनी मजार में बुलाकर महिला से रेप किया गया।

तमसा संकेत, एजेंसी

सीतापुर। सीतापुर जिले के तालगांव थाना क्षेत्र में झाड़-फूंक और तांत्रिक इलाज के नाम पर महिला के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

तालगांव पुलिस ने महिला की



तहरीर के आधार पर आरोपी मौलाना कल्लू अंसारी उर्फ कल्लू बाबा के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### संतान प्राप्ति का झांसा देकर बनाया संपर्क

जानकारी के अनुसार सकरन थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला संतान न होने की समस्या से परेशान थी। इसी दौरान उसका संपर्क तालगांव क्षेत्र के कमापुर निवासी मौलाना कल्लू अंसारी उर्फ कल्लू बाबा से हुआ। आरोपी खुद को झाड़-फूंक और तांत्रिक विद्या से इलाज करने वाला बताता था। पीड़िता का आरोप है कि मौलाना उसे जंगल में बनी एक मजार पर बुलाकर झाड़-फूंक करता था और इलाज के नाम पर उससे रुपये भी लेता था। मामले से जुड़ा रुपये लेने का एक वीडियो भी सामने आया है।

### झाड़-फूंक के दौरान करता था अश्लील हरकतें

महिला के मुताबिक झाड़-फूंक के दौरान आरोपी कई बार उसके साथ अश्लील हरकतें करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 15 मई को मौलाना ने उसे अपने घर बुलाया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद महिला ने पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी।

पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

> **घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय लोग झाड़-फूंक और अंधविश्वास के नाम पर लोगों को गुमराह किए जाने की बात कह रहे हैं। वहीं पुलिस लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील कर रही है।**

### दवा व्यापारियों का प्रदर्शन, बंद का दिखा असर

सीतापुर। ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 मई को घोषित राष्ट्रव्यापी बंद का सीतापुर में मिला-जुला असर देखने को मिला। दवा व्यापारियों के दो गुटों में बंटी राय के चलते बंद पूरी तरह सफल नहीं हो सका। सुबह शहर की कई मेडिकल स्टोर बंद रहीं, लेकिन दोपहर करीब एक बजे अधिकांश दुकानें खुल गईं और बाजार सामान्य होने लगा। बंद के समर्थन में दवा व्यापारी ग्रीकगंज में एकत्रित हुए। यहां से व्यापारियों ने पैदल मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों की मुख्य मांग ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की रही। व्यापारियों का कहना था कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे कारोबारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। साथ ही मरीजों की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ रहा है। जिलाध्यक्ष गोपाल टंडन ने कहा कि एआई तकनीक के जरिए नकली प्रिस्क्रिप्शन तैयार किए जा रहे हैं और ऑनलाइन माध्यम से नशीली दवाओं की बिक्री भी हो रही है।

# डीएम ने अधिकारियों को लगाई फटकार

## उन्नाव में उद्योग बंधु की बैठक, खराब कार्यों पर दिए सख्त निर्देश

तमसा संकेत, एजेंसी


उन्नाव। उन्नाव में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें उद्योगों से जुड़े बिजली, पानी, सड़क मरम्मत, जल निकासी, नाला निर्माण और अतिक्रमण जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सभी मामलों में गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान, जिलाधिकारी ने कनिष्ठ आयरन प्राइवेट लिमिटेड के क्षतिग्रस्त मार्ग के चौड़ीकरण, डामरीकरण और नाले की मरम्मत से संबंधित मामले की समीक्षा की। इस प्रकरण पर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत की अनुपस्थिति पर, जिलाधिकारी ने उनका वेतन अगले आदेश तक रोकने का निर्देश दिया।



आईआईए से संबंधित नाला निर्माण के मामले में, जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। दयालखेड़ा मार्ग की मरम्मत और नाली निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। सीएलई इकाई के प्रकरण में, कानपुर-लखनऊ हाईवे से प्रशिक्षण केंद्र तक जाने वाली सड़क के निर्माण के लिए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# सम्पादकीय

## सवालों से बचते प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी छवि चमकाने के लिए चाहे कई करोड़ रूपए खर्च कर दें या प्रचार के नए तरीकों का सहारा लें, दुनिया उन्हें अब एक ऐसे कमजोर नेता के तौर पर देख रही है, जिसे सवालों से डर लगता है, जो सवाल सुनते ही मंच से चला जाता है। नॉर्वे में प्रधानमंत्री मोदी और नार्वेजियन प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त प्रेस बयान जारी किया, जिसके बाद वहां मौजूद पत्रकार हेले लिंग ने कहा कि 'प्रधानमंत्री मोदी, आप दुनिया के सबसे आजाद प्रेस से कु छ सवाल क्यों नहीं ले रहे हैं?' लेकिन मोदी ने इसका कोई जवाब नहीं दिया और मंच से चले गए। पत्रकार लिंग ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि उन्हें इसकी उम्मीद थी। उन्होंने नॉर्वे को विश्व प्रेस स्वतंत्रता इंडेक्स में नंबर 1 और भारत के 157वें स्थान पर होने का जिक्र भी किया। लिंग के इस पोस्ट पर ढेर सारी टिप्पणियां आईं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी अपनी राय व्यक्त की थी कि जब कुछ छिपाने को नहीं है, तो डर कैसा। उन्होंने कहा कि इससे भारत की छवि पर असर पड़ता है। भारत यात्रा गाइड राहुल गांधी ने कुछ गलत नहीं कहा, क्योंकि मोदी मंच से उतरने की जगह रुकते और कहते कि पूछिए क्या सवाल हैं आपके, तो शायद उनकी मजबूत छवि नजर आती। लेकिन मंच से सिर झुका कर उतरते प्रधानमंत्री लाचार दिखे। ऐसे ही अमेरिका में पिछले साल राष्ट्रपति ट्रंप के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में नरेन्द्र मोदी से अडानी मसले पर सवाल पूछा गया था तो उन्होंने हाथ हिला-हिला कर भारत की वसुधैव कुटुंबकम परंपरा, लोकतंत्र आदि की बातें कर अपनी असहजता को ढंकने की असफल कोशिश की थी। अब लगातार दूसरे साल वैश्विक स्तर पर मोदी सवाल से बचते नजर आए। लेकिन यह मामला यहीं नहीं थमा। मोदी की छवि बचाने के फेर में विदेश मंत्रालय ने भी वही तरीका अपनाया जो मोदी ने अमेरिका में अपनाया था। दरअसल दोनों प्रधानमंत्रियों के संयुक्त प्रेस बयान के बाद विदेश मंत्रालय की प्रेस वार्ता हुई, जिसमें हेले लिंग ने विदेश मंत्रालय के सचिन सिबी जॉर्ज से पूछा कि दुनिया भारत पर भरोसा क्यों करे और क्या भारत में मानवाधिकार उल्लंघन बंद होंगे। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय मीडिया के कठिन सवालों का जवाब देना शुरू करेंगे। जिसके जवाब में सिबी जॉर्ज ने कहा कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि पांच हजार साल पुरानी निरंतर सभ्यता है। भारत ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है और कोरोना महामारी के समय भारत ने खुद को दुनिया से अलग नहीं किया, बल्कि जरूरतमंद देशों की मदद के लिए आगे आया। यही भरोसा दुनिया को भारत पर विश्वास दिलाता है। लेकिन जॉर्ज के जवाब देने के बीच में पत्रकार ने प्रतिप्रश्न करना चाहा तो सिबी जॉर्ज नाराज हो गए और कहा, कृपया मुझे बीच में मत टोकिए। सवाल पूछने वाला यह तय नहीं कर सकता कि जवाब किस तरीके से दिया जाए। इसके बाद सिबी जॉर्ज ने कहा कि भारत दुनिया की कुल आबादी का लगभग छठा हिस्सा है, लेकिन दुनिया की समस्याओं का छठा हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान लोगों को मौलिक अधिकार देता है और देश में महिलाओं को बराबरी का अधिकार आजादी के वक्त से मिला हुआ है। जबकि कई देशों में महिलाओं को यह अधिकार दशकों बाद मिला। सिबी जॉर्ज ने कहा, 'हम समानता में विश्वास करते हैं, हम मानवाधिकारों में विश्वास करते हैं। अगर किसी के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो उसे अदालत जाने का अधिकार है। हमें अपने लोकतंत्र पर गर्व है।' सिबी जॉर्ज ने यह भी कहा कि कई लोग भारत की मीडिया का दायरा समझे बिना टिप्पणी कर देते हैं। दिल्ली में ही सैकड़ों समाचार चैनल हैं, जो अलग-अलग भाषाओं में लगातार खबरें दिखाते हैं। कुछ गैर-सरकारी संगठनों की रिपोर्ट पढ़कर लोग भारत पर सवाल उठाने लगते हैं, जबकि उन्हें भारत की वास्तविकता और उसके पैमाने की समझ नहीं है। प्रधानमंत्री का सवालों से बचना, मानवाधिकार उल्लंघन और भारत की साख पर किए गए सवालों के सीधे जवाब देने की जगह पांच हजार साल पुरानी सभ्यता, लोकतंत्र की प्राचीन जड़ें, महिलाओं के अधिकार, अदालत जाने का हक और मीडिया का दायरा जैसी अनावश्यक लफ्फाजी के बावजूद विदेश मंत्रालय मोदी की साख बचाने के उद्देश्य में नाकामयाब रहा और क्योंकि इस प्रकरण पर अब वैश्विक स्तर पर चर्चा हो रही है। मोदी समर्थक भले ही हेले लिंग को सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया कि वे केवल सवाल पूछने के पत्रकारिता के अधिकार और धर्म को ही निभा रही थीं।

# अपराधमुक्त राजनीति से ही संभव है नया भारत-विकसित भारत

> राष्ट्रीय चुनाव आयोग भी इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद राजनीतिक दलों को उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए हैं।






भारत आज एक ऐतिहासिक संक्रमण काल से गुजर रहा है। एक ओर देश विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व राजनीति और कूटनीति के केंद्र में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय राजनीति में अपराध, धनबल और बाहुबल की बढ़ती पैठ लोकतंत्र की आत्मा को आहत कर रही है। यह विडंबना ही है कि जिस भारत को विश्वगुरु बनने का स्वप्न दिखाया जा रहा है, उसकी राजनीति अभी भी अपराधमुक्त नहीं हो सकी है। हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद सामने आए आंकड़ों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। समाचार पत्रों में प्रकाशित एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) की रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम बंगाल विधानसभा के लगभग 65 प्रतिशत विधायक आपराधिक मामलों वाले हैं, जबकि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। रिपोर्ट के अनुसार 294 विधायकों में से 190 विधायकों ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले घोषित किए हैं तथा लगभग 142 विधायकों पर गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और अन्य गंभीर मामले भी शामिल हैं। यह केवल पश्चिम बंगाल की स्थिति नहीं है। संसद और देश की अनेक विधानसभाओं की स्थिति भी इससे बहुत अलग नहीं है। पिछले कुछ वर्षों के चुनावी विश्लेषण बताते हैं कि उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित अनेक राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे जनप्रतिनिधि चुनकर आए हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। लोकतंत्र के मंदिरों में अपराध और दागी छवि वाले लोगों की बढ़ती उपस्थिति आज राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुकी है। राजनीति मूलतः लोकसेवा, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम मानी गई थी। महात्मा गांधी, जयप्रकाश नारायण, लाल बहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति को मूल्य आधारित दिशा दी। लेकिन समय के साथ राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता का स्थान धीरे-धीरे चुनावी गणित, धनबल और प्रभावशाली समूहों ने लेना शुरू कर दिया। आज कई राजनीतिक दल उम्मीदवार चयन में योग्यता, चरित्र और जनसेवा की बजाय "जीतने की क्षमता" को प्राथमिकता देते दिखाई देते हैं। यही कारण है कि दागी छवि वाले व्यक्तियों को भी टिकट देने में संकोच नहीं किया जाता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की राजनीति में आने के बाद अनेक मंचों से राजनीति के अपराधीकरण पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संसद में और सार्वजनिक मंचों पर कई बार कहा कि राजनीति को अपराधमुक्त बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया। किंतु चिंता का विषय यह है कि आज भी लगभग सभी राजनीतिक दलों की स्थिति समान दिखाई देती है। चुनाव जीतने की मजबूरी और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण दल अपराधी और दागी उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति के पीछे कई कारण हैं। पहला कारण है चुनावों का अत्यधिक खर्चीला होना। आज चुनाव लड़ना सामान्य व्यक्ति की क्षमता से बाहर होता जा रहा है। बड़े संसाधनों वाले और आर्थिक रूप से प्रभावशाली लोग चुनावी प्रक्रिया में अधिक सक्रिय हो रहे हैं। दूसरा कारण है बाहुबल और प्रभाव का उपयोग। कई क्षेत्रों में आज भी राजनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए शक्ति प्रदर्शन को महत्वपूर्ण माना जाता है। तीसरा कारण है न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों के वर्षों तक लंबित रहने के कारण आरोपी चुनाव लड़ते रहते हैं और जनप्रतिनिधि बन जाते हैं। राजनीति में अपराधीकरण का दूसरा बड़ा पक्ष है धनबल। पश्चिम बंगाल विधानसभा के आंकड़े बताते हैं कि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। यह प्रवृत्ति पूरे देश में दिखाई देती है। संसद और विधानसभाओं में करोड़पति जनप्रतिनिधियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रश्न यह है कि क्या लोकतंत्र धीरे-धीरे सामान्य नागरिक की पहुंच से दूर होता जा रहा है? यदि राजनीति केवल धनवान और प्रभावशाली वर्गों तक सीमित हो जाएगी तो लोकतंत्र की समावेशी भावना कमजोर होगी। इन परिस्थितियों में नागरिक समाज और लोकतांत्रिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारतीय मतदाता संगठन इस दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। इसके संस्थापक रिखबचंद जैन के नेतृत्व में लंबे समय से राजनीति को स्वच्छ और अपराधमुक्त बनाने की दिशा में जनजागरण अभियान चलाए जा रहे हैं। संगठन मतदाता जागरूकता, नैतिक मतदान, स्वच्छ राजनीति और जिम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। लोकतंत्र को केवल चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि मूल्य आधारित व्यवस्था मानते हुए यह संगठन समाज को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है कि मतदाता केवल जाति, धर्म, क्षेत्र या दलगत निष्ठा के आधार पर नहीं, बल्कि उम्मीदवार के चरित्र और सार्वजनिक जीवन को देखकर मतदान करें। इसी प्रकार एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) जैसे संगठन भी चुनावी पारदर्शिता और जनप्रतिनिधियों की पृष्ठभूमि सार्वजनिक करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। इन संगठनों के कारण आज मतदाताओं को उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों, संपत्ति और शिक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध हो रही है। यह लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उम्मीदवारों को शपथपत्र में अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति और देनदारियों की जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। चुनाव आयोग लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। किंतु केवल औपचारिक प्रयास पर्याप्त नहीं हैं।

**ललित गर्ग**

## भारत और बांग्लादेश...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# घुसपैठ का घेरा, सुरक्षा का सवेरा सजग सीमाओं से सुरक्षित राष्ट्र

भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमाई अखंडता और सामाजिक स्थिरता के संदर्भ में भारत में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों का प्रश्न लंबे समय से एक गंभीर नीति विषय रहा है। यह विषय केवल चुनावी बहस या राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका संबंध सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा, प्रशासनिक व्यवस्था, सीमावर्ती क्षेत्रों की स्थिरता, संसाधनों के वितरण और संवैधानिक शासन से जुड़ा हुआ है। किंतु इस विषय पर चर्चा करते समय दो बातों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। पहली, अवैध घुसपैठ और वैध नागरिकता में स्पष्ट अंतर किया जाए। दूसरी, किसी समुदाय, भाषा या धर्म विशेष को सामूहिक रूप से संदेह के दायरे में न रखा जाए। चर्चा केवल उन व्यक्तियों के संदर्भ में होनी चाहिए जो बिना वैधानिक अनुमति, दस्तावेजों या कानूनी प्रक्रिया के भारत में रह रहे हों।

भारत और बांग्लादेश के बीच लगभग 4000 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है, जो भारत की सबसे लंबी स्थलीय सीमाओं में से एक है। यह सीमा पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा, मेघालय और मिजोरम जैसे राज्यों से होकर गुजरती है। इस सीमा का बड़ा भाग नदियों, खेतों, जंगलों और ग्रामीण क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जिसके कारण



इसकी निगरानी अत्यंत जटिल बन जाती है। सीमा प्रबंधन से जुड़े अध्ययनों और सरकारी दस्तावेजों में यह स्वीकार किया गया है कि नदी क्षेत्रों, निम्न भूभागों और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं के कारण कई हिस्सों में सीमा सुरक्षा को चुनौती मिलती रही है। भारत सरकार ने भी स्वीकार किया है कि इन क्षेत्रों में आधुनिक निगरानी व्यवस्था की आवश्यकता है। अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर सबसे बड़ी चिंता केवल जनसंख्या वृद्धि का प्रश्न नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थाओं की चिंता यह है कि यदि किसी देश में बिना वैधानिक प्रक्रिया के लोगों का प्रवेश और ठहराव बढ़ता है, तो उसका दुरुपयोग संगठित अपराध नेटवर्क भी कर सकते हैं। गृह मंत्रालय ने संसद में वर्ष 2025 में कहा था कि अवैध प्रवासन का विषय हथियार तस्करी, मानव तस्करी, नकली दस्तावेजों और अन्य अवैध गतिविधियों से भी जुड़ सकता है। इसी कारण सरकार ने आधुनिक निगरानी प्रणाली, रात्रि दृष्टि उपकरण, कैमरे, बिना चालक वाले निगरानी साधन और समेकित सीमा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने पर बल दिया है। यहाँ एक अत्यंत महत्वपूर्ण तथ्य समझना आवश्यक है कि सुरक्षा का संकट हमेशा प्रत्यक्ष रूप में दिखाई नहीं देता। कई बार समस्या धीरे-धीरे विकसित होती है। यदि किसी देश की पहचान प्रणाली में अवैध दस्तावेजों का प्रवेश हो जाए, यदि फर्जी पहचान पत्र बनाए जाने लगें, यदि संगठित नेटवर्क लोगों को अवैध तरीके से बसाने लगें, तो यह केवल स्थानीय समस्या नहीं रह जाती, बल्कि दीर्घकालीन सुरक्षा चुनौती बन सकती है। हाल के वर्षों में विभिन्न राज्यों में ऐसे मामले सामने आए हैं जहाँ पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के नेटवर्क और अवैध प्रवेश से जुड़े मामलों पर कार्रवाई की। इसी कारण सुरक्षा एजेंसियाँ केवल सीमा पर निगरानी बढ़ाने की बात नहीं करतीं, बल्कि उन नेटवर्कों पर भी ध्यान देती हैं जो अवैध पहचान और आश्रय उपलब्ध कराते हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों की चिंता भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। हाल की रिपोर्टों में यह सामने आया कि कुछ सीमाई क्षेत्रों के निवासी बिना बाड़ वाले हिस्सों के कारण सुरक्षा संबंधी आशंकाएँ व्यक्त कर रहे हैं और उन्होंने सीमा सुरक्षा को मजबूत करने की माँग की है। कई स्थानों पर लोगों ने कहा कि बिना सुरक्षा अवरोध वाले क्षेत्रों में अवैध आवाजाही को लेकर भय और असुरक्षा की भावना बनी रहती है। यह बताता है कि यह विषय केवल सरकारी दस्तावेजों का नहीं, बल्कि सीमाई क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों की वास्तविक चिंताओं का भी है। एक और चिंता सामाजिक और आर्थिक संसाधनों से जुड़ी हुई है। किसी भी देश की स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और कल्याणकारी योजनाएँ उसकी अनुमानित जनसंख्या और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर बनाई जाती हैं।

# प्रदेश सरकार ने बताये कुक्कुट पालन से आर्थिक समृद्धि के नए आधार

उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में प्रदेश आज तेजी से ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कृषि के साथ-साथ पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और कुक्कुट पालन जैसे सहायक व्यवसायों को प्रोत्साहित कर किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य केवल एक नारा नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लागू की जा रही एक सशक्त नीति बन चुका है। इसी कड़ी में प्रतापगढ़ जनपद के लक्ष्मणपुर ब्लॉक के सरियापुर शाहपुर गांव के प्रगतिशील किसान उद्यमी चन्द्रशेखर सिंह की सफलता की कहानी प्रदेश के हजारों किसानों और युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी है। चन्द्रशेखर सिंह का जीवन एक सामान्य किसान परिवार से शुरू हुआ। सीमित संसाधनों, पारंपरिक खेती और अनिश्चित मौसम के कारण उनकी आय स्थिर नहीं थी। यह स्थिति प्रदेश के अधिकांश छोटे और सीमांत किसानों की वास्तविकता को दर्शाती है। खेती की बढ़ती लागत और बाजार में मूल्य अस्थिरता ने उन्हें यह सोचने पर मजबूर किया कि केवल परंपरागत खेती के सहारे भविष्य सुरक्षित नहीं किया जा सकता। इसी सोच ने उन्हें नए विकल्पों की तलाश के लिए प्रेरित किया।

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं और जागरूकता अभियानों का प्रभाव धीरे-धीरे गांव-गांव तक पहुंच रहा था। चन्द्रशेखर सिंह ने भी इन प्रयासों से प्रेरणा लेते हुए कुक्कुट पालन (पोल्ट्री) क्षेत्र में कदम रखने का निर्णय लिया। यह निर्णय आसान नहीं था, क्योंकि उनके पास इस क्षेत्र का अनुभव नहीं था और संसाधन भी सीमित थे। लेकिन उन्होंने सरकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया, जहां उन्हें विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। इन कार्यक्रमों में उनके जैसे कई उद्यमियों से परिचय हुआ जिससे चन्द्रशेखर सिंह के मन में व्यवसाय के प्रति रूचि और विश्वास बन गया। उन्होंने धीरे-धीरे पोल्ट्री व्यवसाय की बारीकियों को समझना शुरू किया।

प्रदेश सरकार लगातार ऐसे नए व्यवसायियों में ज्ञान, प्रशिक्षण और तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन दे रही है। अपने इसी उद्देश्य के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022 में कुक्कुट विकास नीति लागू की। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश को अंडा और मांस उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना, किसानों की आय बढ़ाना और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करना था। इस नीति के अंतर्गत उद्यमियों को सब्सिडी, बैंक ऋण, तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण जैसी अनेक सुविधाएं प्रदान की गईं।

चन्द्रशेखर सिंह को भी इस नीति से बड़ा लाभ मिला। उन्होंने इस नीति का लाभ उठाते हुए ब्रायलर पैरेन्ट स्टॉक इकाई स्थापित करने की योजना बनायी। इसके लिए उन्होंने सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ उठाकर लक्ष्मणपुर ब्लॉक के अपने गांव सरियापुर शाहपुर में 10,000 क्षमता वाली अत्याधुनिक पोल्ट्री इकाई की स्थापना की। यह केवल एक व्यावसायिक कदम नहीं था, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक नई शुरुआत थी। इस इकाई में आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग किया गया। तापमान नियंत्रण प्रणाली, स्वचालित फीडिंग सिस्टम, स्वच्छता प्रबंधन और रोग नियंत्रण के उच्च मानकों को अपनाकर उन्होंने उत्पादन की गुणवत्ता सुनिश्चित की। इस इकाई का मुख्य उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले चूजों का उत्पादन करना है, जो आगे चलकर मांस उत्पादन में उपयोग किए जाते हैं। इस प्रकार यह इकाई पूरे पोल्ट्री सप्लाई चेन की एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गई है।

## जरा हटके

## राजकीय माध्यमिक...

प्रदीप कुमार

# प्रदेश सरकार की शिक्षा व्यवस्था में 'प्रोजेक्ट अलंकार' बना आधारभूत सुविधाओं का मजबूत स्तम्भ



उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन्हीं प्रयासों की श्रृंखला में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित "प्रोजेक्ट अलंकार" प्रदेश के विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास का एक बड़ा अभियान बनकर सामने आया है। इस योजना ने राजकीय एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों की तस्वीर बदलने का कार्य किया है। विद्यालयों में भवन, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को मजबूत कर विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2021 में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में पुनर्निर्माण, जीर्णोद्धार एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट अलंकार की शुरुआत की। इस योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाना तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। वर्ष 2017 के पूर्व अनेक विद्यालयों में भवनों की जर्जर स्थिति, पेयजल की कमी, प्रयोगशालाओं का अभाव और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करती थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए व्यापक स्तर पर अवस्थापना विकास कार्य कराते हुए शिक्षा संस्थाओं को बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण किया।

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के आरम्भ से अब तक राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न निर्माण एवं अनुरक्षण कार्यों के लिए कुल 1427.91 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं। यह राशि प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस योजना का लाभ प्रदेश के 2383 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को मिल रहा है, जहां अध्ययनरत लाखों विद्यार्थियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत विद्यालयों में पुस्तकालयों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रदेश के 489 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालय कक्षों का निर्माण कराया गया है। पुस्तकालय विद्यार्थियों में अध्ययन की आदत विकसित करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्व बना रहे, इसके लिए सरकार पुस्तकालय सुविधाओं को मजबूत कर रही है। विज्ञान शिक्षा को प्रभावी और व्यवहारिक बनाने के लिए 301 विद्यालयों में प्रयोगशालाओं का निर्माण कराया गया है। विज्ञान विषय की पढ़ाई केवल सैद्धांतिक न रह जाए, बल्कि विद्यार्थी प्रयोगों के माध्यम से वैज्ञानिक सोच विकसित कर सकें, यह सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रयोगशालाओं की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी आधुनिक विज्ञान शिक्षा का लाभ मिल रहा है।

प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में बहुउद्देशीय गतिविधियों के लिए 1150 मल्टीपरपज हॉल बनाए गये हैं। इन हॉलों का उपयोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल गतिविधियों, संगोष्ठियों, सेमिनार तथा अन्य शैक्षिक आयोजनों के लिए किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और विद्यालय केवल पढ़ाई तक सीमित न रहकर व्यक्तित्व विकास के केंद्र बनेंगे।

छात्र-छात्राओं की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 598 विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण कराया गया है। विशेष रूप से छात्राओं के लिए सुरक्षित और स्वच्छ शौचालयों की उपलब्धता विद्यालयों में उनकी उपस्थिति बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके साथ ही 1048 विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। प्रदेश के विद्यालयों में बढ़ती छात्र संख्या को देखते हुए 482 अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का निर्माण कराया गया है। इससे विद्यार्थियों को पर्याप्त स्थान मिलेगा और पढ़ाई अधिक व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सकेगी। कई विद्यालयों में एक ही कक्ष में अधिक विद्यार्थियों के बैठने की समस्या थी, जिसे दूर करने के लिए सरकार ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण को प्राथमिकता देते हुए निर्माण कराया है। प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत विद्यालय परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 1167 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण कराया गया है। इससे विद्यालयों में अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में कई विद्यालय खुले परिसरों में संचालित होते थे, जहां सुरक्षा संबंधी चुनौतियां बनी रहती थीं। चहारदीवारी निर्माण से विद्यार्थियों एवं विद्यालय संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में विद्युत सुविधा का विशेष महत्व है। इसी को ध्यान में रखते हुए 184 विद्यालयों में विद्युतीकरण की व्यवस्था की गई है। बिजली उपलब्ध होने से विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर शिक्षा एवं डिजिटल शिक्षण प्रणाली को बढ़ावा मिल रहा है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ सकें। प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत 18 विद्यालयों के जर्जर भवनों का नवनिर्माण भी कराया गया है।

### रात से ही लंबी-लंबी लाइनें लगी, ट्रैक्टर में 3-3 ड्रम लेकर आए लोग, मंत्री बोले- परेशान मत होइए, कमी नहीं

# यूपी में पेट्रोल-डीजल की किल्लत

**तेजी**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर, महराजगंज, कुशीगर, बस्ती। यूपी में एक बार फिर पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी लाइनें दिखने लगी हैं। लगातार दूसरे दिन बुधवार को कुशीनगर, सोनभद्र, महराजगंज, गोरखपुर, देवरिया और बस्ती में कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया। हालांकि, तेल कंपनियों और अधिकारियों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। महराजगंज में 149 पेट्रोल पंपों में से सिर्फ 20 पर ही तेल मिल रहा है। इसके चलते जिले में ईंधन की किल्लत हो गई है। लोग बड़े-बड़े डिब्बे लेकर पंपों पर पहुंच रहे हैं। लाइन लगाकर खड़े हैं। किसान देर रात में ही पंपों पर पहुंच गए थे। पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे तेजू यादव ने बताया कि सुबह 4 बजे से लाइन में लगे हैं, लेकिन तेल मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। ऐसा ही हाल कुशीनगर और गोरखपुर में भी देखने को मिला। यहां भी पेट्रोल पंपों पर लाइनें लगी हैं। बस्ती में पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर सीमा तय कर दी गई है। बाइक सवारों को 200 रुपए और कार सवारों को 1000 रुपए तक का ही ईंधन दिया जा रहा है। खाद्य एवं रसद नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज पांडेय ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि जितनी आवश्यकता हो, उतना ही तेल भरवाएं। जमाखोरी न करें।



- **महराजगंज में 149 पेट्रोल पंपों में से सिर्फ 20 पर ही तेल मिल रहा है। लोग बड़े-बड़े डिब्बे लेकर पंपों पर पहुंच रहे हैं।**
- **कुशीनगर में कई पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म हो गया है। सुबह कई पंपों पर डिब्बों की लाइन देखने को मिली।**

**गोंडा में जिला जज पैदल ही कचहरी पहुंचे**

गोंडा में बुधवार को जिला जज दुर्ग नारायण सिंह सहित सभी जजों ने सरकारी गाड़ियां छोड़कर पैदल ही कचहरी पहुंची। दुर्ग नारायण सिंह अपने आवास से छाता लेकर निकले। उनके साथ अर्दली दयाशंकर तिवारी और सुरक्षाकर्मी वीरेंद्र कुमार भी थे। वे करीब 300 मीटर पैदल चलकर अपने कोर्ट रूम पहुंचे। चित्रकूट में पीएम मोदी की ईंधन बचाने की अपील का असर दिख रहा है। फैमिली कोर्ट के जज राकेश कुमार यादव बुधवार को अपने आवास से साइकिल चलाकर कोर्ट पहुंचे। उन्होंने लोगों से ईंधन बचाने की अपील की और कहा कि इससे पर्यावरण प्रदूषण से भी राहत मिलेगी।



**गोरखपुर में गैलन लेकर पेट्रोल पंपों पर लाइन में लगे लोग**

गोरखपुर के धर्मशाला भारत पेट्रोल पंप पर लंबी लाइन लगी है। लोग गैलन और बॉटल लेकर पहुंच रहे हैं। लाइन में खड़े हैं। किल्लत के बीच सिर्फ 500 रुपये का ईंधन दिया जा रहा है।

**66** यूपी के राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग) के कार्यकारी निदेशक संजय भंडारी ने बताया- पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी नहीं है। स्टॉक भी पर्याप्त है। आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। टर्मिनलों और डिपो से रिटेल आउटलेट्स तक लगातार सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है।

**बलिया में भी पेट्रोल-डीजल की किल्लत, रिपोर्ट दे रहे हैं रिपोर्टर**

बलिया में भी कई पेट्रोल पंपों पर लंबह-लंबी कतारें दिख रही हैं।

तीन दिनों से डीजल के लिए दौड़ लगा रहे युवक देवकुमार प्रजापति ने बताया- ट्रैक्टर के लिए तेल लेना था। खेतों मे जुताई का काम रुका हुआ है।

कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पहले जहां जितनी आवश्यकता होती थी, उसके अनुसार टैंकर मिल जाता था।

लेकिन इस समय एक सप्ताह में एक से दो टैंकर ही तेल मिल पा रहे हैं।

# दिनदहाड़े ज्वेलर्स की दुकान में लूट

### नकदी और चांदी के जेवरात लेकर 4 बदमाश फरार

**तमसा संकेत, एजेंसी**




उन्नाव। उन्नाव के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित भवानीखेड़ा में बुधवार दोपहर एक ज्वेलर्स की दुकान में दिनदहाड़े लूट की वारदात से हड़कंप मच गया। चार बदमाश दुकान में घुसे, दुकानदार से मारपीट की और नकदी व चांदी के आभूषण लूटकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। दुकानदार के बेटे जय वर्मा ने बताया कि वारदात के दौरान चार बदमाश दुकान में घुसे थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इनमें से एक-दो युवक नाबालिग लग रहे थे। एक बदमाश की घनी दाढ़ी थी, जबकि दूसरे ने सिर पर अंगौछा या पगड़ी जैसा कपड़ा बांध रखा था। सभी आरोपी तीन या चार बाइकों से आए थे। परिवार के अनुसार, घटना से पहले दो युवक दुकान पर आए और आभूषणों के दाम पूछकर चले गए। करीब पांच से दस मिनट बाद चार बदमाश अचानक दुकान में घुस आए। आरोपी काउंटर फांदकर सीधे दुकानदार के पास पहुंचे और तिजोरी की चाबी मांगने लगे। उनके हाथ में बर्फ तोड़ने वाला नुकीला औजार 'सूजा' था।

**फास्ट न्यूज**

**रालोद नेता कुंवर नरेंद्र सिंह ने डीएम से की मुलाकात**

मथुरा। मथुरा में राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) नेता कुंवर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह से मुलाकात कर किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। रालोद नेता कुंवर नरेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद के लगभग आधा दर्जन गांवों के किसान उनके साथ डीएम कार्यालय आए थे।

**कानपुर मे लू के थपेड़ों ने झुलसाया, 44 डिग्री सेल्सियस पारा**

कानपुर। कानपुर में मई की गर्मी अब लोगों पर कहर बनकर टूट रही है। दोपहर में चलने वाली लू से तापमान बढ़ा है। दोपहर 12 बजे तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा था। जो सामान्य से 3.8 डिग्री अधिक रहा। एयरफोर्स स्टेशन पर तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस रहा। रात का तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.5 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। आज सुबह से ही भीषण गर्मी पड़ रही है।

**बदायूं में किसान के घर डकैती**

बदायूं। बदायूं में रात बदमाशों ने डकैती डालकर किसान के घर में लूटपाट की। नया मोहल्ला में मंगलवार रात नेकर-बनियान गिरोह के बदमाशों ने एक घर में धावा बोल दिया। परिवार को बेरहमी से पीटा, महिलाओं से जेवर उतरवाए और 50 हजार रुपये नकद समेत करीब चार तोला सोना व चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार के मुताबिक बदमाश करीब सात लाख रुपये का माल समेट ले गए।

### एलएलआर-उर्सला में हीटवेव के लिए 100 बेड रिजर्व, दोपहर 12 से 4 बजे तक घरों से न निकले

# हीटस्ट्रोक के 300 मरीज अस्पतालों में पहुंचे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और 44 डिग्री तापमान में अब लोगों की सेहत पर भारी पड़ने लगी है। सरकारी अस्पतालों में हैलट, उर्सला और कांशीराम में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। एलएलआर, उर्सला और कांशीराम अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी में हीट स्ट्रोक, बेचैनी, चक्कर, बेहोशी और डिहाइड्रेशन के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि यदि समय रहते सावधानी नहीं बरती गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक पिछले पांच दिनों में मरीजों की संख्या दो से तीन गुना तक बढ़ी है। बुधवार को एलएलआर अस्पताल की ओपीडी में 300 से ज्यादा मरीज पहुंचे, जबकि इमरजेंसी में हीट स्ट्रोक और हाइपरथर्मिया के कई मरीज भर्ती किए गए। बढ़ती गर्मी को देखते हुए अस्पतालों में विशेष हीट स्ट्रोक वार्ड भी सक्रिय कर दिए गए हैं। एलएलआर अस्पताल में 50 बेड, उर्सला में 20 और कांशीराम अस्पताल में 30 बेड हीट स्ट्रोक मरीजों के लिए आरक्षित किए गए हैं। मेडिसिन विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रिचा गिरी ने बताया कि हीट स्ट्रोक गर्मी से जुड़ी सबसे गंभीर बीमारी है। जब शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है और शरीर खुद को सामान्य तापमान पर नहीं ला पाता, तब यह स्थिति पैदा होती है। इसमें मरीज को चक्कर आना, धुंधला दिखाई देना, तेज पसीना आना, सांस फूलना, हृदय गति तेज होना और बेहोशी जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। गंभीर स्थिति में यह किडनी, हृदय और लीवर को भी प्रभावित कर सकती है। डॉक्टरों के अनुसार तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर खतरा और बढ़ जाता है।



**हीट स्ट्रोक में होने वाली गंभीर स्थित के लक्षण**

- कोमा में जाना मांसपेशियों में जकड़न हो जाना
- शरीर में खून और ऑक्सीजन का कम प्रवाह कम होना
- किडनी, लीवर और हार्ट का फेल होना

**हीटस्ट्रोक से बचाव के लिए ये करें**

- दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक टेज धूप में निकलने से बचे।
- सीधे धूप में संपर्क में न आए
- हल्के कलर के और ढीले कपड़े पहने
- सनस्क्रीन क्रीम का प्रयोग करें
- टेज धूप में एक्सरसाइज से बचें

**हीटवेव में इन लक्षणों को अनदेखा न करें**

- उत्तेजना और चिड़चिड़ापन का होना।
- व्यवहार में परिवर्तन होना
- धुंधला दिखाई देना
- भ्रम और चक्कर आना
- बेहोशी की स्थित में आ जाना
- हार्टबीट का बढ़ जाना
- रकस्तचाप और सांस का टेज होना
- स्किन का कलर बदलना
- ज्यादा पसीना आना

**एलएलआर हॉस्पिटल की ओपीडी में मरीज पहुंच रहे है।**

# कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने सड़क दुर्घटना में दिखाई संवेदनशीलता

### योगी सरकार के मंत्री ने काफिला रोक बच्चों को तत्काल पहुंचाया अस्पताल

**तमसा संकेत, संवाददाता**


कानपुर देहात। कानपुर देहात में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। सिंगूर नदी के पास मावर शरीफ गांव में स्कूली बच्चों से भरी बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के समय मौके से गुजर रहे प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने तुरंत अपना काफिला रुकवाकर घायल बच्चों की मदद की और राहत कार्य शुरू कराया। जानकारी के अनुसार, मंत्री दारा सिंह चौहान झांसी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कानपुर देहात क्षेत्र में सिंगूर नदी के पास अचानक एक स्कूली बस और ट्रक की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग भी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। हादसा देखते ही मंत्री ने अपना काफिला रुकवाया और स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने बस में मौजूद बच्चों का हालचाल जाना और अधिकारियों को तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। मंत्री ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम को तेजी से कार्रवाई करने को कहा, जिसके बाद घायल बच्चों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई। दो बच्चों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने दोनों बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई है। मंत्री दारा सिंह चौहान ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और हादसे की पूरी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने अभिभावकों को भी भरोसा दिलाया कि सभी बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। घटना के बाद कुछ देर तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और सड़क पर फंसे वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया। स्थानीय लोगों ने मंत्री की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। प्रशासन की ओर से बताया गया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना की वजह माना जा रहा है।

# काजल निषाद समेत 7 हाउस अरेस्ट

### सपा नेता बोलीं- 'खौफ अच्छा है', गीडा आंदोलन से पहले कार्रवाई

- **काजल निषाद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी जानकारी।**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



गोरखपुर। समाजवादी पार्टी की नेता और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी काजल निषाद को मंगलवार देर रात गोरखपुर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। काजल निषाद ने बुधवार को गोरखपुर के गीडा इलाके में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। यह प्रदर्शन समाजवादी पार्टी के बैनर तले सहजनवा रेलवे स्टेशन के पास होना था। हाउस अरेस्ट किए जाने के बाद काजल निषाद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा- यह खौफ अच्छा है, यह होना भी चाहिए। अभी-अभी मुख्यमंत्री जी के आदेश पर गोरखपुर, रामगढ़ ताल पुलिस ने मुझे हाउस अरेस्ट किया है। अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने से शासन-प्रशासन में जो यह खौफ है, यह अच्छा है। इस तानाशाही के खिलाफ सदैव लड़ते रहेंगे। उनकी इस पोस्ट के बाद राजनीतिक माहौल और गर्म हो गया। बताया जा रहा है कि गीडा क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण और स्थानीय लोगों की समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी आंदोलन की तैयारी कर रही थी। काजल निषाद इसी मुद्दे को लेकर प्रदर्शन करने वाली थीं। पार्टी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सरकार विरोध की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। टीवी अभिनेत्री रह चुकी काजल निषाद पिछले कुछ वर्षों से राजनीति में सक्रिय हैं।

**काजल निषाद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी जानकारी**

हाउस अरेस्ट किए गए नेताओं में सपा नेत्री काजल निषाद के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष नगीना साहनी, पूर्व विधायक यशपाल रावत, जिला महासचिव रामनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष गीरीश यादव और सहजनवा विधानसभा अध्यक्ष मनीष कमांडो समेत सात पदाधिकारी शामिल हैं। जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष ब्रजेश गौतम को भी हाउस अरेस्ट किया गया था, लेकिन लखनऊ कार्यक्रम में जाने की बात पर उन्हें छोड़ दिया गया। अन्य को देर शाम तक छोड़े जाएंगे।



इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोरखपुर शहर से सहजनवा के लिए समाजवादी पार्टी के नेता आज पहुंचने वाले थे।

**रात में पहुंची पुलिस, सभी को हाउस अरेस्ट किया**

प्रशासन का कहना है कि यह प्रदर्शन कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ सकता था। इसी कारण एहतियात के तौर पर यह कार्रवाई की गई।

**जानकारी के अनुसार, प्रदर्शन की घोषणा के बाद पुलिस और प्रशासन पहले से सतर्क हो गया था। मंगलवार देर रात तारामंडल थाने की पुलिस काजल निषाद के घर पहुंची और उन्हें घर से बाहर निकलने से रोक दिया। पुलिस ने साफ कहा कि वे किसी भी हालत में गीडा के प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सकतीं।**

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहे

### थोक विक्रेताओं ने भी जताया विरोध

**तमसा संकेत, एजेंसी**



कौशांबी। कौशांबी केमिस्ट एसोसिएशन ने बुधवार को पूरे जिले में एक दिवसीय बंदी रखी। यह बंदी ऑनलाइन दवा बिक्री और औषधि व्यापार व जन स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले अन्य गंभीर मुद्दों के समाधान न होने के विरोध में की गई थी। केमिस्ट एसोसिएशन ऑफ कौशांबी, जो कि आर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स उत्तर प्रदेश और ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) का प्रतिनिधित्व करता है, ने केंद्र और राज्य स्तर पर कई बार ऑनलाइन दवा बिक्री बंद करने का आग्रह किया था। सरकार द्वारा इस पर कोई पहल न होने के कारण 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंदी का असर कौशांबी में भी देखने को मिला। एसोसिएशन के अध्यक्ष बाला जी केसरवानी ने बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण दवा व्यापार चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है।इसी को लेकर संगठन के आह्वान पर दवा कारोबारी अपनी दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जनपद के दवा कारोबार से जुड़े सैकड़ों व्यापारियों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

**कार्यक्रम : कर्मचारियों को आग बुझाने और बचाव के तरीके सिखाए गए**

# उन्नाव जिला अस्पताल में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव के जिला अस्पताल में बुधवार दोपहर अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फायर स्टेशन प्रभारी राममिलन भारती ने अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों और अन्य कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान कर्मचारियों को फायर सिलेंडर के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अस्पताल परिसर में आग जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को बताया गया कि किसी भी दुर्घटना के समय घबराने की बजाय तुरंत सही कदम उठाना बेहद जरूरी होता है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल प्रशासन ने कर्मचारियों से नियमित रूप से अग्निशमन उपकरणों की जांच करने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की। अस्पताल कर्मियों ने इस प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को रोकने में सहायक साबित होंगे।

> **"फायर स्टेशन प्रभारी राममिलन भारती ने कहा कि अस्पतालों में ऑक्सीजन सिलेंडर, विद्युत उपकरण और दवाइयों के कारण आग लगने का खतरा अधिक रहता है। ऐसे में सतर्कता और सुरक्षा नियमों की जानकारी होना आवश्यक है।**



**आग लगने पर क्या करें, दी गई जानकारी**

प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को बताया गया कि आग लगने की स्थिति में सबसे पहले बिजली की सप्लाई बंद करनी चाहिए और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना देनी चाहिए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की आग और उन्हें बुझाने के अलग-अलग तरीकों की भी जानकारी दी गई। कर्मचारियों को यह भी समझाया गया कि मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालते समय किन सावधानियों का पालन करना जरूरी है।


**फायर सिलेंडर चलाने का कराया अभ्यास**

फायर स्टेशन प्रभारी ने अस्पताल परिसर में मौजूद अग्निशमन यंत्रों की उपयोगिता बताई और कर्मचारियों को फायर सिलेंडर चलाने का तरीका समझाया। उन्होंने सेफ्टी लॉक खोलने, पाइप की दिशा तय करने और सुरक्षित दूरी से आग बुझाने का प्रदर्शन किया। इसके बाद अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों और अन्य कर्मचारियों ने स्वयं फायर सिलेंडर चलाकर अभ्यास किया।

# काशी विश्वनाथ धाम प्रतिदिन पहुंच रहे लाखों श्रद्धालु

### मंदिर न्यास की अपील - दोपहर में दर्शन करने से बचें, शयन आरती में देश-विदेश के भक्त

**तमसा संकेत, एजेंसी**



वाराणसी। बाबा विश्वनाथ की नगरी में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। मंदिर के बाहर 44 डिग्री की गर्मी में भी भक्तों की लंबी लाइन लग रही है। मंदिर प्रशासन ने भी व्यवस्थाओं में बदलाव किया है। श्रद्धालुओं को चार गेट से प्रवेश कराया जा रहा है। वही शायन आरती में बाबा के दर्शन के लिए काशीवासियों के साथ-साथ देश-दुनिया से आये पर्यटकों की भीड़ पहुंच रही है। दिल्ली से पहुंचे आदित्य कुमार ने बताया कि वह पिछले 1 घंटे से लाइन में लगे हैं। उन्होंने बताया कि लाइन में बीच से कुछ लोग घुस जा रहे हैं व्यवस्था अच्छी नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि लाइन में लगकर बाबा का दर्शन करना काफी अच्छा रहता है इसलिए कितने भी घंटे लगे वह लाइन में लगकर ही बाबा का दर्शन करेंगे। परिवार के साथ इस रीता ने बताया कि वह अपने बच्चों को सनातन धर्म और मंदिरों के बारे में बता रही है जिससे आगे चलकर उसकी आस्था मंदिर से जुड़ी रहे गर्मी की छुट्टी है इसलिए वह धार्मिक यात्रा पर अपने पूरे परिवार के साथ निकली है। स्थलों पर शुद्ध आर०ओ० वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। जिन स्थानों पर वाटर कूलर उपलब्ध नहीं हैं, वहां बड़े मटकों में ठंडे जल की व्यवस्था की गई है तथा मंदिर कर्मियों द्वारा निरंतर श्रद्धालुओं को गिलासों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर ओआरएस घोल एवं ग्लूकोज की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिससे दर्शनार्थियों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके। श्रद्धालुओं के पैरों को गर्म फर्श से सुरक्षित रखने हेतु सम्पूर्ण धाम परिसर में उच्च गुणवत्ता की जूट मैट बिछाई गई है। उन्होंने कहा दर्शन पथ पर पर्याप्त छाया उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जर्मन हैंगर एवं टेंसाइल स्ट्रक्चर लगाए गए हैं।

## एक-एक कर कई ड्रम फटे, 3 किमी दूर से दिखाई दिया धुआं, 12 दमकल गाड़ियों ने 1 घंटे में पाया काबू

# केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग

**धमाका**

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में बुधवार को बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि शाम 4:02 बजे सूचना मिलने के बाद घंटाघर कोतवाली से 5 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। इसके बाद वैशाली, मोदीनगर और नोएडा से भी अतिरिक्त 7 गाड़ियां मंगाई गईं। गाजियाबाद के बुलंदशहर



कविनगर के पास विवेकानंद क्षेत्र में केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई।

इंडस्ट्रियल एरिया में केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। 12 दमकल गाड़ियों ने 1 घंटे में आग पर काबू पाया, कोई जनहानि नहीं हुई।

### 3 किलोमीटर दूर तक दिखा धुआं

आग के कारण उठता घना धुआं करीब 3 किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। फ्लाईओवर से गुजर रहे लोगों ने घटना के वीडियो भी बनाए, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

जिससे स्थिति

- मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग बुझाने में जुटे हैं।
- केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के बाद केमिकल से भरे ड्रम फट गए।

### कूलिंग ऑपरेशन जारी, कारणों की जांच

फायर विभाग ने वाटर ब्राउज़र और फोम टैंकर की मदद से आग बुझाने का काम किया। फिलहाल मौके पर कूलिंग का कार्य जारी है।

अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और प्रारंभिक रूप से शॉर्ट सर्किट या केमिकल रिएक्शन की आशंका जताई जा रही है।

#### केमिकल ड्रम फटने से बढ़ी मुश्किल

जानकारी के अनुसार, घटना के समय फैक्ट्री में करीब 11 कर्मचारी मौजूद थे और केमिकल ट्रांसफर का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक आग लग गई और केमिकल से भरे सॉल्वेंट ड्रम तेज धमाकों के साथ फटने लगे, जिससे स्थिति और भयावह हो गई।

अच्छी बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। सभी कर्मचारी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। इसी दौरान अचानक आग लग गई और केमिकल से भरे सॉल्वेंट ड्रम तेज धमाकों के साथ फटने लगे, जिससे स्थिति और भयावह हो गई।

### जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल किया औचक निरीक्षण

हाथरस। हाथरस में जिलाधिकारी अतुल वत्स ने बागला संयुक्त जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपचार के लिए आए मरीजों और तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, पर्चा काउंटर, चिकित्सक कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष, एक्स-रे कक्ष और ऑक्सीजन प्लांट सहित विभिन्न विभागों का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने मरीजों की भीड़, कतार व्यवस्था और उपचार प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## इकरा हसन के धरने के बाद सभी समर्थक रिहा

### सहारनपुर में पूर्व मंत्री बोले- भाजपा कश्यप समाज के साथ अन्याय कर रही

तमसा संकेत, एजेंसी

सहारनपुर। सहारनपुर में पूर्व राज्य मंत्री मांगेराम कश्यप समेत पांच लोगों को जेल से रिहा कर दिया गया। समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। रिहाई के बाद मांगेराम कश्यप ने कहा कि अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो कश्यप समाज बड़ा आंदोलन करेगा। 2027 चुनाव में राजनीतिक जवाब देगा। यह पूरा मामला शामली के दशाले गांव में हुई मोनू कश्यप की हत्या से जुड़ा है। इसी मामले में 19 मई को कैराना सांसद इकरा हसन पीड़ित परिवार और समर्थकों के साथ डीआईजी कार्यालय पहुंची थीं। यहां उन्हें करीब 10 मिनट तक हिरासत में रखा गया, जबकि मांगेराम कश्यप समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इसके विरोध में इकरा हसन समर्थकों के साथ थाने में धरने पर बैठ गई थी। शामली जिले के दशाले



गांव में रहने वाले मोनू कश्यप की 21 अप्रैल को हत्या हुई थी। पीड़ित परिवार न्याय की मांग को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रहा था, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। मंगलवार को कैराना सांसद इकरा हसन अपने समर्थकों और पीड़ित परिवार के साथ डीआईजी कार्यालय पहुंची। आरोप है कि डीआईजी ने पीड़िता की बातों को अनसुना कर दिया। इसके बाद इकरा हसन डीआईजी दफ्तर के बाहर आ गईं, तभी महिला इंस्पेक्टर फोर्स के साथ वहां पहुंचीं और थाने लेकर आ गईं। इकरा का आरोप है कि उन्हें करीब 10 मिनट तक महिला थाने में हिरासत में रखा गया।

**फास्ट न्यूज**

### तीसरी-मंजिल से गिरी विवाहिता के मामले में चचेरे ससुर गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में तीसरी मंजिल से गिरी विवाहित की मौत मामले को लेकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मृतका के चचेरे ससुर विनोद को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस चर्चित दहेज हत्या कांड में अब तक कुल तीन मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इससे पहले पुलिस मृतका के पति ऋतिक और ससुर मनोज को पुलिस जेल भेज चुकी है।

### गौतमबुद्ध नगर में ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर में ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने के लिए परिवहन विभाग ने मई महीने में बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान 206 ओवरलोड वाहनों के चालान किए गए और उन पर कुल 1 करोड़ 29 लाख 40 हजार रुपये का प्रशमन शुल्क लगाया गया। इनमें से अब तक 50 लाख 80 हजार रुपये की वसूली भी की जा चुकी है। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पांडेय ने बताया कि यह कार्रवाई सहायक संभागीय अधिकारी नंद कुमार, अभिषेक कनौजिया और यात्रीकर अधिकारियों की टीम ने मिलकर की।

### ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार टीचर को कुचला

लोनी। गाजियाबाद में ईंट से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूटी सवार शिक्षिका को टक्कर मार दी। ट्रॉली का पहिया शिक्षिका के सिर के ऊपर से गुजर गया। हादसे में शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह लोनी थाना क्षेत्र में बंथला-चिरोड़ी मार्ग पर हुआ।

टीला मोड़ थाना क्षेत्र की भारत सिटी सोसाइटी में रहने वाली चेताली बनर्जी (55) एक प्राइवेट स्कूल में टीचर थी।

## बिजनौर में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी

### तापमान 40 डिग्री पहुंचा, दोपहर में सड़कें सूनी

तमसा संकेत, एजेंसी

बिजनौर। बिजनौर जिले में पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आ रही हैं और बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है, जिससे जनजीवन और व्यापार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। कई इलाकों में बिजली कटौती ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बुधवार को बिजनौर का अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मई की शुरुआत से ही जिले में गर्मी का असर देखा जा रहा था। बीच-बीच में हुई हल्की बारिश और हवा के कारण कुछ दिनों तक राहत मिली थी, लेकिन अब लगातार भीषण गर्मी पड़ रही है। दोपहर में सूरज की तपिश और गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं। अत्यधिक गर्मी और उमस




के कारण लोग दिनभर असहज महसूस करते हैं। शाम के समय तापमान में कुछ गिरावट आने से थोड़ी राहत मिलती है, लेकिन दिनभर गर्मी अपने चरम पर रहती है। गर्मी से बचने के लिए लोग आइसक्रीम, नींबू पानी, जूस और अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। धूप से बचने के लिए लोग अपने चेहरे को कपड़े से ढककर या छाते का उपयोग करके ही बाहर निकल रहे हैं। अनावश्यक रूप से घर से निकलने से लोग परहेज कर रहे हैं।

## 24 मई तक लू का अलर्ट, 12वीं तक स्कूल बंद

### आगरा भीषण गर्मी की चपेट में, ताजमहल पर आधी हुई टूरिस्ट की संख्या

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। तापमान 46.5C पर पहुंच चुका है। इसको देखते हुए आगरा में 20 मई को 12वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। 8वीं कक्षा तक छुट्टी रहेगी वहीं, कक्षा 9 से 12 तक ऑनलाइन क्लास लगेंगी। मौसम विभाग ने 24 मई तक आगरा में लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया है। भीषण गर्मी की वजह से ताजमहल पर टूरिस्ट की संख्या भी आधी रह गई है। गर्मी और लू से टूरिस्ट बेहाल हैं। गर्मी झेल पाना मुश्किल हो रहा है। स्थिति ये है कि दोपहर के समय डायना बेंच पर खाली हो जाती है। धूप से ये सीट इतनी गर्म हो जा रही है कि इस पर बैठकर फोटो खींचवाना मुश्किल हो गया है। दोपहर में शरीर झुलसा देने वाली गर्मी और लू ने लोगों को बेहाल कर दिया है। आगरा में भीषण गर्मी को देखते हुए कक्षा 8 तक के



सभी स्कूल 20 मई को बंद रहेंगे। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षण (डीआईओएस) चंद्रशेखर ने आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने सभी बोर्ड के स्कूलों प्रबंधन को कड़ाई से आदेश का पालन करने का आदेश दिया है। आदेश न मानने की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। मौसम विज्ञान विभाग की चेतावनी के बाद डीएम मनीष बंसल के निर्देश प सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय, वित्तविहीन विद्यालय तथा सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी माध्यमिक विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8 तक 20 मई को अध्यापन कार्य नहीं होगा। कक्षा 9 से 12 तक ऑनलाइन क्लास लगेंगी। बुधवार सुबह से ही तेज धूप निकली हुई है। हवा नहीं चल रही। ऐसे में गर्मी और ज्यादा परेशान कर रही है। पैदल या दोपहिया वाहन से सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। लोग छाता या गमछा लेकर चलने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए शहर-शहर में प्याऊ लगाए गए हैं।

#### ताजमहल पर टूरिस्ट बेहाल

भीषण गर्मी और लू के चलते ताजमहल सहित अन्य स्मारकों पर टूरिस्ट का ग्राफ गिर गया है। गर्मी की वजह से दोपहर को ताजमहल पर टूरिस्ट कम दिखाई दिए। मंगलवार को ताजमहल देखने के लिए 13082 टूरिस्ट पहुंचे। जबकि सामान्यतौर पर हर रोज लगभग 25,000 टूरिस्ट ताजमहल देखने आते हैं। गर्मी की वजह से टूरिस्ट आगरा में बहुत कम आ रहे हैं, जो आ भी रहे हैं वे सुबह-शाम ही होटल से बाहर निकल रहे हैं। दोपहर में धूप इतनी तेज है कि ताजमहल के पत्थर तप रहे हैं। इन पर नंगे पैर चलना मुश्किल हो गया है। शू-कवर भी भी पत्थरों की गर्मी नहीं झेल पा रहे। डायना सीट पर पर बैठकर फोटो खींचवाना मुश्किल हो गया है।



#### मंगलवार सीजन का सबसे गर्म दिन

आगरा में मंगलवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान 46.5C पर पहुंच गया। ये इस साल का सबसे अधिक अधिकतम तापमान है। दिन ही नहीं, रात भी इस सीजन की गर्म रही। 1.9C की बढ़ोत्तरी के साथ ही न्यूनतम तापमान 27.4C पर पहुंच गया। आगरा में लू के थपेड़ों और शरीर को झुलसा देने वाली धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया है। दिन का तापमान सामान्य से 3.6C अधिक हो गया है। रात भी तपने लगी है। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.3C अधिक है। आगरा में दिन के साथ-साथ रात भी तप रही है। जमीन तपने लगी है। खुले में रहने वाले छांव की तलाश कर रहे हैं।

## 3 गाड़ियां जलकर राख, फायर बिग्रेड ने 40 मिनट में पाया काबू

# ऑटो वर्कशॉप में भीषण आग

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के मेरठ रोड स्थित न्यू बस स्टैंड हिंडन धर्म कांटा के पास बुधवार तड़के एक ऑटो वर्कशॉप में आग लग गई। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 5 बजे न्यू ऑटो लाइफ मोटर्स वर्कशॉप में हुई। वर्कशॉप के अंदर अचानक आग लगने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी। फायर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर फायर टैंकर और वाटर ब्राउज़र की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर विभाग की तत्परता के चलते आसपास की दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों तक आग फैलने से रोक



लिया गया। समय रहते आग पर नियंत्रण पाने से बड़ा हादसा टल गया। फायर विभाग और स्थानीय प्रशासन मामले की जांच में जुटा है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही नुकसान और आग लगने के वास्तविक कारणों की जानकारी सामने आ सकेगी।

### 6 में से 3 गाड़ियां जलकर खाक

वर्कशॉप में कुल 6 गाड़ियां खड़ी थीं। आग तेजी से फैलने के कारण इनमें से 3 गाड़ियां पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं, जबकि 3 गाड़ियों को फायर टीम ने सुरक्षित बचा लिया। फायर अधिकारियों के अनुसार, समय रहते कार्रवाई कर आग को आसपास फैलने से रोक दिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

### दमकल की 4 गाड़ियों ने किया रेस्क्यू

वर्कशॉप मालिक मोहम्मद आरिफ उर्फ कल्लू मिस्त्री ने बताया कि आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं है। शुरुआती अनुमान के अनुसार इस हादसे में करीब 10 से 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद 2 होज पाइप और पंपिंग सिस्टम की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया गया।

## शास्त्रीनगर के सेक्टर-2 में धरनास्थल पर फिर लगा टेंट

### मेरठ में तीन दिन पहले सीओ ने हटवाया था, महिलाएं प्रदर्शन कर रहीं

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ के शास्त्री नगर स्थित सेक्टर 2 में चल रहे महिलाओं के धरना प्रदर्शन में से तीन दिन पहले सीओ सिविल लाइन शुचिता सिंह ने टेंट हटवा दिया था। जतिसमें उन्होने महिलओं को बताया था कि बाजार से ही किसी ने शिकायत की है कि टेंट के कारण परेशानी हो रही है। इसके बाद महिलाओं ने बिना टेंट के ही धरना शुरू कर दिया था। मंगलवार शाम को महिलाएं घर लौट गई तो देर रात सेक्टर 2 के नए अध्यक्ष अर्पित मोगा द्वारा फिर से महिलाओं के लिए सड़क पर टेंट लगा दिया गया। इसके बाद महिलाओं ने आज इस टेंट के नीचे दोबारा अपना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पहली बार जब टेंट हटाया गया था तो यही



कारण बताया था कि सड़क पर आवागमन इससे बाधित होता है। लेकिन इस बार जो टेंट लगाया गया है वह सड़क पर नहीं है। टेंट की केवल छत बांधी गई है, जिसको दोनों और मकान की ग्रिल से बांध दिया गया है ताकि धूप ना आए। हालांकि नीचे दोनों ओर से टेंट खुला है, और महिलाएं भी उसी के नीचे सड़क के किनारे बैठी हुई है। सेक्टर 2 में धरने पर बैठी महिलाओं की संख्या पहले की अपेक्षा में कम होती जा रही थी, कुछ लोगों का कहना है कि आपसी गुटबाजी के कारण कुछ लोगों ने इस धरने से दूरी बना ली है। लेकिन टेंट लगने के बाद फिर से महिलाओं की संख्श बढ़ गई और प्रदर्शन शुरू हो गया। शास्त्रीनगर में सेक्टर 2 के धरने को लेकर और पहले हुई शिकायत के बाद हेट टेंट को लेकर भी एक राजनीति चल रही है। जिसमें इसका जिम्मेदार लोग एक दूसरे को ठहरा रहे हैं। वहीं महिलाओं का कहना है कि यह लड़ाई सड़क पर बैठकर हम सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि पूरे बाजार के घर व्यापार के लिए लड़ रहे हैं। ऐसे में भी कुछ लोग हमारे ही बीच रहकर शिकायत कर रहे हैं जबकि उनके भी मकान दुकान इस कार्रवाई के अंतर्गत आ रहे हैं ,फिर भी वह ऐसा कर रहे हैं।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 90 दिन में 69 ...

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद ऐसी ताकतें खुलकर सामने आई हैं, जो आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण की उस सीढ़ी को तोड़ना चाहती है, जिसके सहारे वंचित समाज आगे बढ़ रहा है। सपा प्रमुख ने कहा कि लोकतंत्र और सामाजिक न्याय को बचाने के लिए आरक्षण जरूरी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने बुलडोजर कार्रवाई पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को बुलडोजर चलाना ही है तो उसे समाज में मौजूद गैर-बराबरी खत्म करने के लिए चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों को समान अवसर और अधिकार मिलना चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवपाल सिंह यादव ने भी भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है और देश की अर्थव्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केवल झूठे वादों और प्रचार की राजनीति कर रही है।

### अमेरिकी संसद में ...

कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने या सेना भेजने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि संसद के पास होना चाहिए। अमेरिकी संविधान में भी यही व्यवस्था दी गई है। इस प्रस्ताव को वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन लेकर आए हैं। बहस के दौरान उन्होंने कहा कि अभी जब युद्धविराम की बात हो रही है, तब ट्रम्प को संसद के सामने आकर अपनी रणनीति बतानी चाहिए। डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन ने कहा कि युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास है, सिर्फ राष्ट्रपति के पास नहीं। वहीं व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प ने अमेरिकी सुरक्षा के लिए अपने अधिकारों के तहत कार्रवाई की है। अमेरिकी कानून के मुताबिक कोई भी राष्ट्रपति बिना संसद की मंजूरी के सिर्फ 60 दिन तक सैन्य कार्रवाई चला सकता है। इसके बाद या तो युद्ध खत्म करना होता है, कांग्रेस से अनुमति लेनी होती है, या फिर सेना की सुरक्षित वापसी के लिए 30 दिन की अतिरिक्त मोहलत मांगनी होती है। ईरान के विदेश मंत्री को अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की बैठक में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने इसकी जानकारी दी। ईरानी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह न्योता विदेश मंत्री अब्बास अराघची को दिया गया है। इस महीने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता चीन कर रहा है। बैठक अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के मुद्दे पर मंगलवार को आयोजित होगी। हालांकि, अभी यह तय नहीं हुआ है कि ईरान के विदेश मंत्री इसमें शामिल होंगे या नहीं। UAE की सरकारी तेल कंपनी ADNOC ने कहा है कि होर्मुज को बायपास करने वाली नई तेल पाइपलाइन का करीब 50% काम पूरा हो चुका है। ADNOC के प्रमुख सुल्तान अल जाबेर ने बताया कि यह पाइपलाइन UAE के तेल निर्यात को ज्यादा सुरक्षित और आसान बनाने के लिए तैयार की जा रही है। फिलहाल UAE के पास हबशान-फुजैराह तेल पाइपलाइन काम कर रही है, जो अबू धाबी के हबशान तेल क्षेत्रों से ओमान की खाड़ी में स्थित फुजैराह बंदरगाह तक जाती है। इस पाइपलाइन के जरिए रोजाना करीब 18 लाख बैरल तेल पहुंचाया जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद फुजैराह तेल हब पर ईरान की ओर से कई ड्रोन हमले भी हुए हैं। नई पाइपलाइन बनने के बाद अगले साल तक UAE की कुल तेल निर्यात क्षमता दोगुनी होने की उम्मीद है।

### सीजेआई के बयान ...

महिलाओं के लिए 50% का आरक्षण होगा, न कि 33%. इसके लिए सांसदों की संख्या भी नहीं बढ़ाई जाएगी। कैबिनेट में भी महिलाओं के लिए 50% आरक्षण होगा। अंबानी और अडानी के सभी मीडिया संस्थानों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे, ताकि वास्तव में स्वतंत्र मीडिया को जगह मिल सके। गोदी मीडिया एंकरों के बैंक अकाउंट्स की जांच कराई जाएगी। अगर कोई विधायक या सांसद दलबदल कर दूसरी पार्टी में जाता है तो उसके चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाई जाएगी। उसे अगले 20 साल तक किसी भी पब्लिक ऑफिस में पद नहीं दिया जाएगा। अभिजीत अमेरिका की बॉस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन की मास्टर डिग्री कर रहे हैं। वो 2020 से 2023 तक आम आदमी पार्टी (AAP) की सोशल मीडिया टीम में वॉलंटियर भी रह चुके हैं। उन्होंने BBC को बताया, 'मैं X पर CJI का बयान देख रहा था, जहां पर वो सिस्टम की आलोचना करने और राय देने के लिए देश के युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से कर रहे थे। सोशल मीडिया पर मैंने इस पर अपनी राय दी। मैंने पूछा कि सब कॉकरोच एक साथ आ जाएं तो क्या होगा। मुझे Gen Z और 25 साल तक के युवाओं के कमाल के जवाब मिले। उन्होंने कहा कि हमें साथ आना चाहिए और एक प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए। फिर क्या था मैंने CJP बना ली। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होंने कहा, 'मेरी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं।'

### आरएसएस के लोगों ...

रील बनाई जा रही हैं। ये बीजेपी वाले मेरा मजाक उड़ाते हैं। जो आर्थिक दीवार उन्हें खड़ी करनी थी, नहीं की। मजाक चल रहा है। देश में बिजनेस बंद हो रहे हैं। राहुल दो दिन के दौरे पर 19 मई (मंगलवार) को रायबरेली पहुंचे थे। बुधवार दोपहर 2 बजे रायबरेली से अमेठी आए। यहां संजय गांधी अस्पताल में मरीजों से मुलाकात की। इसके बाद दिल्ली रवाना हो गए। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद राहुल 6 बार रायबरेली आ चुके हैं। यह उनका 7वां दौरा है। इससे पहले, वे 19 जनवरी 2026 को रायबरेली आए थे। राहुल के गद्दार वाले बयान पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पलटवार किया। उन्होंने कहा- यह उनकी अराजकतावादी मानसिकता को दिखाता है। मैं मानता हूं कि आप भारतीय राजनीति के राहु हैं, जो देश की राजनीति को दूषित करते हैं। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा- राहुल गांधी रिजेक्टेड माल हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा- राहुल गांधी सत्ता न मिलने के कारण निराशा में हैं। वे पीएम मोदी को गाली नहीं दे रहे हैं, बल्कि देश को गाली दे रहे हैं। बहुजन स्वाभिमान सभा में राहुल के पहुंचने पर कांग्रेसियों ने जिंदाबाद के नारे लगाए। पैर भी छुए। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाद को गाली देकर अब कांग्रेस अपनी राजनीति की 'डूबती नाव' को कतई नहीं बचा सकती है। प्रधानमंत्री जी के लिए कांग्रेस का कहा हर अपशब्द उसे उसके अंत की ओर तेजी से ले जा रहा है। राहुल गांधी ने पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र को उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। पड़ोस में रहने वाले बीएसए संजय तिवारी के बच्चे सम्राट और स्वराज राहुल को छत से देख रहे थे।

### नीट री-एग्जाम ...

ये चैनल पेपर लीक की झूठी खबरें और भ्रामक पोस्ट फैलाकर छात्रों और अभिभावकों में डर और भ्रम पैदा करते हैं। कई लिंक छात्रों को फर्जी ग्रुप और ऑटोमेटेड बॉट्स तक पहुंचाते हैं, जहां अफवाहें तेजी से फैलाई जाती हैं। शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि छात्रों को गलत जानकारी से बचाना और परीक्षा व्यवस्था पर भरोसा बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। NEET पेपर लीक केस में नए खुलासे हुए हैं। CBI को सुराग मिले हैं कि पिछले साल भी NEET का पेपर परीक्षा से पहले महाराष्ट्र के लातूर स्थित रेनुकाई करियर सेंटर (RCC) तक पहुंचा था। कोचिंग संचालक शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर की पेपर लीक नेटवर्क से पुरानी सांठगांठ भी सामने आई है। उसकी नेटवर्थ 1500 करोड़ बताई जा रही है।

# सूर्यवंशी ने रसेल का रिकॉर्ड तोड़ा

## आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले नंबर-2 बैटर, ए बनाकर फिफ्टी सेलिब्रेट की

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स ने IPL 2026 के 64वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हरा दिया। जयपुर में खेले गए मैच में वैभव सूर्यवंशी ने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। मंगलवार को वैभव सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले दूसरे बैटर बन गए। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड तोड़ा। वैभव ने बतौर भारतीय एक सीजन के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बना डाले। उनके नाम अब 426 रन हो गए हैं। वैभव ने उंगलियो से A बनाकर फिफ्टी सेलिब्रेट की।

वैभव IPL के एक सीजन के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस सीजन पावरप्ले में 426 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में



### सूर्यवंशी ने तीसरी बार इनिंग में 10प्लस सिक्स लगाए

वैभव IPL की एक पारी में सबसे ज्यादा 10 या इससे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ 10 या इससे ज्यादा सिक्स लगाए। वैभव ने तीसरी बार एक पारी में 10 से ज्यादा छक्के लगाए। इस लिस्ट में क्रिस गेल नंबर एक पर है, जिन्होंने 4 बार यह कारनामा किया है। इसके अलावा फिन सूर्यवंशी दूसरे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने IPL के एक ही सीजन में दो बार 10 या उससे ज्यादा सिक्स लगाए हैं।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डेविड वॉर्नर नंबर-1 पर हैं। वॉर्नर ने 2016 में पावरप्ले में 467 रन बनाए थे। वैभव एक IPL सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस सीजन अब तक 53 सिक्स लगाए हैं। वैभव ने आंद्रे रसल (52 सिक्स) को पीछे छोड़ा। इस सूची में

**“ लखनऊ ने आईपीएल में अपना चौथा सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। टीम ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में पहले 6 ओवर में बिना विकेट खोए 83 रन बनाए। लखनऊ ने इसी सीजन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक विकेट खोकर 91 रन बनाए थे, जो उनका सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है।**

पहले नंबर पर क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 2012 में बेंगलुरु के लिए 59 छक्के लगाए थे। वैभव IPL के एक सीजन में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से बैटिंग करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने इस सीजन 236.3 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। यह IPL के एक सीजन में कम से कम 500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा है। इससे पहले आंद्रे रसेल के नाम यह रिकॉर्ड था, जिन्होंने 2019 में 204.8 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे।


राजस्थान एक सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम बन गई।

# पुर्तगाल ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए टीम घोषित की

## रोनाल्डो छठा वर्ल्ड कप खेलने वाले पहले खिलाड़ी बनेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के लिए पुर्तगाल ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कप्तानी में टीम का ऐलान किया है। 41 साल के अल नासर फॉरवर्ड रोनाल्डो टूर्नामेंट में उतरते ही रिकॉर्ड 6 फीफा वर्ल्ड कप खेलने वाले पहले फुटबॉलर की सूची में शामिल हो जाएंगे। इस सूची में पहला नाम मैक्सिको के गोलकीपर गुइलेर्मो ओचोआ का होगा, क्योंकि पहला मैच मैक्सिको का है। उनके अलावा, अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी भी छठा वर्ल्ड कप खेलेंगे। पुर्तगाल को ग्रुप-के में डीआर कांगो, कोलंबिया और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। टीम में ब्रूनो फर्नांडिस और बर्नार्डो सिल्वा जैसे स्टार खिलाड़ियों को भी जगह मिली है।48 टीमें के इस टूर्नामेंट की शुरुआत 11



जून से होगी। जोकि अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की मेजबानी में 16 शहरों में खेला जाएगा। हाल ही में फ्रांस और बेल्जियम ने भी अपनी-अपनी टीमों का ऐलान किया था। पुर्तगाल की टीम अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में होने वाले वर्ल्ड कप की तैयारी में जुटी है। ग्रुप स्टेज से पहले टीम चिली और नाइजीरिया के खिलाफ दो इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच खेलेगी। इन मैचों में टीम मैनेजमेंट खिलाड़ियों के कॉम्बिनेशन और बेंच स्ट्रेंथ को परखेगा।

पुर्तगाल फुटबॉल एसोसिएशन की घोषित टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। टीम इस प्रकार है: गोलकीपर: डिएगो कोस्टा, जोस सा, रुई सिल्वा, रिकार्डो वेल्हो।

डिफेंडर्स: डिएगो डालोट, मैथियस नुनेस, नेल्सन सेमेडो, जोआओ केंसैलो, नूनो मेंडेस, गोंसालो इनासियो, रेनाटो वेइगा, रूबेन डियास, टॉमस अराउजो।

मिडफील्डर: रूबेन नेवेस, जोआओ नेवेस, विटिन्हा, ब्रूनो फर्नांडिस, बर्नार्डो सिल्वा, जोआओ फेलिक्स, फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ, फ्रांसिस्को कॉन्सिसिओ, सामू कोस्टा।

# टेनिस खिलाड़ी ने 82 की उम्र में हासिल की डिग्री

## बिली जीन किंग ने पूरी की अधूरी पढ़ाई

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

टेनिस कोर्ट पर दुनिया की दिग्गजों को धूल चटाने वाली और महिला अधिकारों की वैश्विक प्रतीक बिली जीन किंग ने सोमवार को इतिहास रच दिया। इस बार उन्होंने हाथ में टेनिस रैकेट लेकर नहीं, बल्कि दीक्षांत समारोह के मंच पर अपनी डिग्री थामकर हवा में हाथ लहराया। 82 वर्ष की उम्र में किंग ने कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, लॉस एंजिलिस से इतिहास विषय में बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री पूरी कर ली है। उन्होंने इसी यूनिवर्सिटी में 1961 में पहली बार एडमिशन लिया था। डिग्री लेने के बाद भावुक अमेरिकी खिलाड़ी किंग ने कहा, ‘आपकी उम्र चाहे जो हो, आपकी क्षमताएं चाहे जो हों- पढ़ाई और सपनों को पूरा करने के लिए कभी बहुत देर नहीं होती। अगर आप कुछ चाहते हैं, तो उसके लिए जरूर आगे बढ़ें। सीखने की कोई



उम्र नहीं होती। यह डिग्री मेरे लिए मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा मायने रखती है। मुझे बेहद खुशी है कि मैंने इसे पूरा किया। मेरी अब यही उम्मीद है कि मुझे देखकर कम से कम कोई एक व्यक्ति वापस स्कूल या कॉलेज जाने का फैसला करे।’किंग ने अपने पुराने दिनों के संघर्ष को याद किया। उन्होंने बताया, ‘1961 में महिलाओं के लिए खेल के आधार पर कोई वित्तीय सहायता या स्कॉलरशिप उपलब्ध नहीं थी। जबकि मेरे पुरुष मित्र आर्थर ऐश और स्टैन स्मिथ को यूनिवर्सिटी टीमों में खेलने के लिए पूरी स्कॉलरशिप मिली हुई थी।’

## 78 रन से हारा सिलहट टेस्ट, तैजुल इस्लाम ने 6 विकेट झटके,2024 में घर में क्लीन स्वीप का समना करना पड़ा था


# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को दूसरी बार क्लीन स्वीप किया

**हार**

सिलहट, एजेंसी

पाकिस्तान को बांग्लादेश दौरे में 2-0 की हार झेलनी पड़ी। बांग्लादेश ने बुधवार को सिलहट टेस्ट में उसे 78 रन से हराया। पाकिस्तानी टीम बांग्लादेश के खिलाफ लगातार दूसरी सीरीज में क्लीन स्वीप हुई है। उसे 2024 में घर में क्लीन स्वीप का समना करना पड़ा था।

मैच के आखिरी दिन 437 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम दूसरी पारी में 358 रन पर ऑलआउट हो गई। उसने 316/7 से खेलना शुरू किया और पहले घंटे में 42 रन के भीतर आखिरी 3 विकेट



**तीसरे दिन पाकिस्तान 162 रन पर 5 विकेट गंवाकर मुश्किल में था। यहां से रिजवान ने सलमान आगा के साथ छठे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके टीम को चौथे दिन ऑलआउट होने से बचाया, लेकिन हार नहीं टाल सके।**

गंवा दिए। मोहम्मद रिजवान 94 रन बनाकर आउट हुए। जबकि साजिद खान ने 28 रन बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद टीम ऑलआउट होने में टाइम नहीं लगा। पहले सेशन में पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद को 2 जीवनदान मिले। वे



### बांग्लादेश दूसरी पारी में 390 पर ऑलआउट

मैच के तीसरे दिन बांग्लादेश दूसरी पारी में 390 रन पर ऑलआउट हो गई। मुशफिकुर ने 137 रन की शतकीय पारी खेली। महमूदुल हसन जॉय (52 रन) और लिटन दास (69 रन) ने हाफ सेंचुरी लगाई। पाकिस्तान के लिए खुर्रम शहजाद ने 4-4 विकेट लिए।


लंच तक 41 रन बनाकर नाबाद लौटे। इसका फायदा उठाकर उन्होंने फिफ्टी पूरी की। दूसरे स्लिप पर कैच होने से बचे13वें ओवर की 5वीं बॉल पर शान मसूद कैच होने से बच गए। नाहिद राणा की गेंद को वे मिड ऑन पर खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद स्लिप कॉर्डन की ओर गई, लेकिन तंजीत कैच नहीं पकड़ सके। लिटन दास स्टंपिंग चूके22वें ओवर की दूसरी गेंद में मेहदी हसन मिराज ने ऑफ ब्रेक बॉल पर शान मसूद पूरी तरह चूक गए। यहां पर विकेटकीपर लिटन दास उन्हें स्टंपिंग करने से चूक गए।



### बांग्लादेश ने 437 रन का टारगेट दिया था

मैच की शुरुआत में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश ने पहली पारी में 278 रन बनाए थे, जबकि पाकिस्तान 232 रन ही बना सका था। इससे बांग्लादेश को 46 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में बांग्लादेश ने 390 रन बनाकर 437 रन का टारगेट दिया।

## मनोरंजन



# कश्मीर की सर्दियों में शूटिंग कर रहे कार्तिक आर्यन

## इस निर्देशक के साथ फिर बनी जोड़ी, सामने आया बीटीएस वीडियो

नई दिल्ली। अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। कार्तिक एक बार फिर ‘चंदू चैंपियन’ के बाद निर्देशक कबीर खान के साथ शूटिंग कर रहे हैं। शूटिंग इन दिनों जम्मू-कश्मीर में चल रही है। अब शूटिंग के सेट से कार्तिक आर्यन का एक वीडियो सामने आया है। इसमें कार्तिक सेट पर घूमते नजर आ रहे हैं।

फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट से जो वीडियो सामने आया है, उसमें कार्तिक आर्यन सर्दी से बचने के लिए सिर पर कैप (टोपी) लगाए और कश्मीरी फेरन (बड़ा सा ओवरकोट) पहने नजर आ रहे हैं। कार्तिक सेट पर गंभीर मुद्रा में टहलते नजर आ रहे हैं। जबकि सेट पर फिल्म से जुड़े अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं।

हालांकि, फिल्म को लेकर अभी कोई अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन खबरों के मुताबिक कार्तिक कबीर खान के साथ एक और स्पोर्ट ड्रामा की ही शूटिंग कर रहे हैं।



खबरों के मुताबिक, यह फिल्म किकबॉक्सिंग चैंपियन तजमुल इस्लाम के जीवन से प्रेरित है। इसमें कार्तिक एक किकबॉक्सिंग कोच के रूप में नजर आएंगे। फिल्म में कश्मीर के एक छोटे से कस्बे से भारत के सबसे कम उम्र के किकबॉक्सिंग विश्व चैंपियन और जूनियर वर्ग का विश्व खिताब जीतने वाले पहले कश्मीरी बनने तक तजमुल इस्लाम के जीवन के सफर को दिखाया जाएगा।

## अनुपम खेर का खुलासा इस डर से पार्टी नहीं करते सेलेब्स

# ‘बॉलीवुड में लोगों ने जश्न मनाना बंद कर दिया’

नई दिल्ली, एजेंसी

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर 71 साल की उम्र में भी फिल्मों और सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वो लगातार नई फिल्में साइन कर रहे हैं और अवॉर्ड भी जीत रहे हैं। हाल ही में अनुपम खेर ने अपनी इंडो-कैनेडियन फिल्म 'कैलोरी' के लिए यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड अपने नाम किया। इस दौरान इस अवॉर्ड को सेलिब्रेट करने के सवाल पर अनुपम खेर ने इंडस्ट्री में पार्टी और जश्न



मनाने के बदलते कल्चर पर बात की। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि लोगों ने सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के डर से अब पार्टी करना और सेलिब्रेट करना ही बंद कर दिया है। यश चोपड़ा या सुभाष घई जैसे निर्देशकों द्वारा आयोजित शानदार बॉलीवुड पार्टियां हुआ करती थीं, लेकिन आज ऐसा नहीं होता। अब लोगों को जश्न मनाने में डर लगता है कि कहीं न कहीं कोई कुछ गलत निकाल लेगा और यह डर जायज भी है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं और हमें खुद को इसके अनुरूप ढालना होगा, लेकिन तकलीफ तो कभी-कभी होती है।

### अब बॉलीवुड में पार्टियां नहीं होतीं

बॉलीवुड में जश्न मनाने के कल्चर के बारे में बात करते हुए अनुपम खेर ने अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं अभी अनिल कपूर से बात कर रहा था कि लोगों ने जीवन और अपनी जीत का जश्न मनाना बंद कर दिया है। क्योंकि उन्हें लगता है कि लोग उसे भी कुछ न कुछ बोल देंगे।

## ट्विशा शर्मा की मौत मामले पर अभिनेत्री श्वेता वर्मा ने जताई हैरानी, कहा- 'सच सामने आएगा'

# ‘अब तक सदमे में हूं’





भोपाल में ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले की जांच जारी है। ट्विशा फिल्मों में काम कर चुकी थीं। उनकी फिल्म 'मुग्गुरु मोनगल्लु' में काम कर चुकीं अदाकारा श्वेता वर्मा ने ट्विशा की मौत की खबर पर हैरानी जताते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया है। अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की को-स्टार श्वेता वर्मा ने उनकी अचानक हुई मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वे अब भी सदमे में हैं। 33 वर्षीय ट्विशा शर्मा 12 मई को भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में अपने पति, वकील समर्थ सिंह के घर पर मृत पाई गई थीं। ट्विशा के साथ काम कर चुकीं एक्ट्रेस श्वेता ने ट्विशा को याद करते हुए कहा कि वे बेहद मिलनसार इंसान थीं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए कहा कि इस मामले में सही तरीके से जांच होगी और सच सामने आएगा।

'यह खबर सुनकर मैं अब भी सदमे में हूं कि वह अब इस दुनिया में नहीं रही। खासकर शादी के महज छह महीने बाद ही। मुझे फिल्म 'मुग्गुरु मोनगल्लु' में उनके साथ काम करने का मौका मिला था। हालांकि, हमारी बातचीत बहुत कम हुई थी, फिर भी हमने कुछ मजेदार बातें कीं और खूब हंसी-मजाक किया। उन्होंने आगे कहा, 'उनमें इतनी पॉजिटिव एनर्जी थी कि वह कभी ऐसी इंसान नहीं लगीं, जो ऐसा कोई कदम उठाए। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस मामले की जांच ठीक से होगी, सच सामने आएगा और इंसाफ मिलेगा'।

### मिस पुणे रह चुकी थीं ट्विशा

नोएडा की रहने वाली ट्विशा शर्मा की शादी दिसंबर 2025 में भोपाल के रहने वाले समर्थ सिंह से हुई थी। उनके परिवार ने ससुराल वालों पर मानसिक प्रताड़ना और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया है। बता दें कि कॉर्पोरेट जगत में कदम रखने से पहले उन्होंने तेलुगु फिल्म 'मुग्गुरु मोनगल्लु' (2021) और हिंदी फिल्म 'जरा संभल के' (2018) में काम किया था। मॉडलिंग के दिनों में उन्होंने 'मिस पुणे' का खिताब भी जीता था।



# 83 साल के अमिताभ बच्चन के भर्ती होने की खबर

## करीबी सूत्र बोला- रूटीन चेक-अप के बाद घर लौटे

नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के मुंबई के नानावटी अस्पताल में भर्ती होने की खबर हैं। पत्रकार विक्की ललवानी ने यूट्यूब अकाउंट से दावा किया है कि उन्हें 16 मई को भर्ती करवाया गया है। वो अस्पताल के ए-विंग में हैं।

यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए वीडियो में विक्की ललवानी ने बताया है कि वो खबर कन्फर्म करने मंगलवार शाम नानावटी अस्पताल पहुंचे थे। बिग बी को ए-विंग, तीसरी मंजिल में रखा गया है। उन्होंने ये भी दावा किया है कि अभिषेक बच्चन भी पिता को देखने मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे अस्पताल पहुंचे थे। विक्की ललवानी के अनुसार, अमिताभ बच्चन लंबे समय से पेट संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

खबर कन्फर्म करने के लिए परिवार के करीबी सूत्र से संपर्क किया, तो सामने आया कि बिग बी को रूटीन चेकअप के लिए शनिवार को नानावटी अस्पताल ले जाया गया था। वो हर महीने रूटीन चेकअप करवाते रहते हैं। इसके ठीक बाद वो घर लौट आए थे।

विक्की ललवानी का दावा है कि अमिताभ बच्चन 16 मई यानी शनिवार से अस्पताल में भर्ती हैं। लेकिन फैक्ट चेक में ये भी सामने आया कि 17 मई यानी रविवार को बिग बी हमेशा की तरह फैंस से मिलने के लिए जलसा से बाहर आए थे। इसका वीडियो भी सामने आया था।

# बीजिंग में पुतिन के साथ बैठक की, कहा- ईरान जंग को रोकना जरूरी

# दुनिया फिर जंगलराज की तरफ बढ़ रही : जिनपिंग

**चेतावनी**

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध को लेकर चेतावनी दी है। रॉयटर्स के मुताबिक, बीजिंग में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि दुनिया फिर जंगलराज की तरफ बढ़ रही है।

जिनपिंग ने चेतावनी दी कि अगर लड़ाई नहीं रुकी तो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और वैश्विक स्थिरता पर बड़ा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एकतरफा सैन्य कार्रवाई और लंबे समय तक चलने वाला युद्ध दुनिया को ऐसे दौर में ले जा सकता है, जहां अंतरराष्ट्रीय नियम कमजोर पड़ जाएं। उन्होंने कहा कि लड़ाई रोकना बेहद जरूरी है। जिनपिंग ने यह बयान बुधवार को बीजिंग में पुतिन के औपचारिक स्वागत के बाद दिया। बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल के बाहर दोनों नेता रेड कार्पेट पर साथ चले और सैन्य बैंड ने रूस और चीन के राष्ट्रगान बजाए।

पुतिन ने कहा कि दोनों देश संप्रभुता और राष्ट्रीय एकता जैसे मुद्दों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। उनके मुताबिक, रूस और चीन राजनीति, अर्थव्यवस्था और ऊर्जा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं।



## पुतिन बोले- रिश्ते अभूतपूर्व स्तर पर


चीन पहुंचने से पहले जारी वीडियो संदेश में पुतिन ने कहा कि रूस और चीन के रिश्ते अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भरोसा, आपसी समझ और बराबरी के सहयोग का रिश्ता है।

## चीन और रूस में 40 समझौते साइन होंगे

अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन इस दौरे में बड़े कारोबारी और सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे हैं। क्रेमलिन ने कहा है कि दोनों देश करीब 40 समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। इनमें अर्थव्यवस्था, पर्यटन, शिक्षा और ऊर्जा से जुड़े समझौते शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप में रूस की गैस बिक्री लगभग बंद हो गई है। ऐसे में रूस के लिए चीन के साथ ऊर्जा सहयोग बेहद अहम हो गया है। बैठक से पहले जारी वीडियो संदेश में पुतिन ने कहा कि रूस और चीन संप्रभुता और राष्ट्रीय एकता जैसे "मुख्य हितों" की रक्षा के लिए साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मॉस्को और बीजिंग के बीच करीबी रणनीतिक संबंध वैश्विक स्थिरता में अहम भूमिका निभा रहे हैं।





पुतिन और जिनपिंग दोनों नेता सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे को करीबी दोस्त और रणनीतिक साझेदार बता चुके हैं।

## पुतिन और जिनपिंग बोले- दुनिया में दबदबे की राजनीति खत्म हो

पुतिन और जिनपिंग ने बीजिंग में मुलाकात के दौरान दुनिया में दबदबे की राजनीति खत्म करने की बात कही। दोनों नेताओं ने कहा कि रूस और चीन मिलकर ज्यादा न्यायपूर्ण और संतुलित वैश्विक व्यवस्था बनाने की दिशा में काम करेंगे। बीजिंग में हुई उच्चस्तरीय बैठक में दोनों नेताओं ने वैश्विक राजनीति, मिडिल ईस्ट युद्ध, ऊर्जा सुरक्षा और BRICS जैसे मुद्दों पर चर्चा की। पुतिन ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में रूस-चीन रिश्ते तेजी से मजबूत हुए हैं और दोनों देश लगातार साझा परियोजनाओं पर साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी का मकसद दोनों देशों के लोगों की समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करना है। वहीं शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और रूस को मिलकर ज्यादा संतुलित और न्यायपूर्ण वैश्विक शासन व्यवस्था बनाने के लिए काम करना चाहिए।

**फास्ट न्यूज**

### चांदी 3761 गिरकर 2.65 लाख किलो पर आई

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 20 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 1 किलो चांदी की कीमत 3,761 रुपए कम होकर 2.65 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,116 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए हो गया है। 29 जनवरी को सोना 1.76 लाख और चांदी 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई थी।

### ईरान युद्ध की आग में प्रतिष्ठा तक जला बैठा यूएस

नई दिल्ली। वियतनाम और इराक युद्ध के बाद यह पहला मौका है जब किसी देश के खिलाफ जंग में अमेरिका को अपने इतने एडवांस और महंगे विमानों को गंवाना पड़ा है। वहीं ईरान अपनी शर्तों से अब तक पीछे नहीं हटा है।

बीते 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमलों से पूरी दुनिया में खलबली मच गई। अब युद्ध शुरू हुए 2 महीने से ज्यादा का समय बीत गया है लेकिन इसके खत्म होने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। अमेरिका की बात करें तो इस जंग की आग में वह अपनी प्रतिष्ठा तक जला बैठा है।

### सेंसेक्स 118 अंक चढ़कर 75,318 पर बंद

मुंबई। सेंसेक्स आज यानी बुधवार, 20 मई को 118 अंक चढ़कर 75,318 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 41 अंकों की तेजी रही, ये 23,659 पर पहुंच गया। आज के कारोबार में ऑटो, रियल्टी और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही।अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए 33 पैसे टूटकर 96.89 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।

# टॉप-100 कंपनियों में एक भी भारतीय नहीं

## रिलायंस, एयरटेल और टीसीएस की मार्केट वैल्यू घटी

**मुंबई, एजेंसी**





मार्केट वैल्यू के आधार पर दुनिया की टॉप-100 कंपनियों की लिस्ट में अब भारत की एक भी कंपनी नहीं बची है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 की शुरुआत तक इस ग्लोबल लिस्ट में भारत की तीन कंपनियां- रिलायंस इंडस्ट्रीज, HDFC बैंक और TCS शामिल थीं, लेकिन अब इस लिस्ट में एक भी कंपनी शामिल नहीं है। घरेलू शेयर बाजार में लगातार गिरावट के कारण इन भारतीय कंपनियों की वैल्यू घटी है। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ग्लोबल रैंकिंग में 106वें स्थान पर आ गई है। यह कंपनी 2025 की शुरुआत में 57वें और 2026 की शुरुआत में 73वें स्थान पर आ गई थी। जहां एक तरफ भारतीय कंपनियां रैंकिंग में पीछे हो गई हैं, वहीं ग्लोबल मार्केट्स में दुनिया की बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों का दबदबा बना हुआ है। एनवीडिया वर्तमान में 5.33 ट्रिलियन डॉलर (513 लाख करोड़) के मार्केट कैप के साथ दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी हुई है। इसके बाद अल्फाबेट 4.7 ट्रिलियन डॉलर (455 लाख करोड़) और एपल 4.3 ट्रिलियन डॉलर (416 लाख करोड़) के मार्केट कैप के साथ दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन चौथे और पांचवें नंबर पर है। देश के प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक HDFC बैंक की रैंकिंग अब 190 हो गई है, जो 2025 की शुरुआत में 97वें नंबर पर थी।

## मेटा ने पहले दिया वर्क फ्रॉम होम का आदेश फिर सुबह 4 बजे 8 हजार कर्मियों को नौकरी से निकाला

# मेटा प्लेटफॉर्म्स ने की छंटनी शुरू


**योजना**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मेटा प्लेटफॉर्म्स ने छंटनी शुरू कर दी है, जिसका असर करीब 8,000 कर्मचारियों पर पड़ेगा। छंटनी से जुड़ा पहला संदेश उसके सिंगापुर हब से सामने आया।

अमेरिका और ब्रिटेन समेत अलग-अलग इलाकों के कर्मचारियों से कहा गया कि वे दफ्तर न आएं और एक सीधा-सादा निर्देश दिया गया कि आज घर से काम करें (WFH)। फिर ईमेल आने शुरू हो गए। गेल ने लिखा, ₹हम अब उस स्तर पर हैं जहां कई संगठन छोटे समूहों/समूहों की एक सपाट संरचना के साथ काम कर सकते हैं जो तेजी से आगे बढ़ सकते हैं और अधिक स्वामित्व के साथ काम कर सकते हैं।

इंजीनियरिंग और प्रोडक्ट टीमों पर सबसे ज्यादा असर पड़ने की उम्मीद है। इस साल के आखिर में और भी कटौतियां हो सकती हैं। टॉप लेवल पर मार्क जकरबर्ग ने AI को कंपनी की मुख्य प्राथमिकता बनाया है। मेटा ने कहा है कि वह इस साल 125-145 बिलियन डॉलर खर्च करने की योजना बना रही है, जिसका ज़्यादातर हिस्सा AI पर खर्च होगा। कई कर्मचारियों को लगा कि WFH के आदेश ने यह सुनिश्चित कर दिया कि छंटनी चुपचाप हो जाए। कोई हंगामा नहीं। कोई जमावड़ा नहीं। कोई अशांति नहीं।



> ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर में प्रभावित कर्मचारियों को स्थानीय समय के अनुसार सुबह 4 बजे (भारतीय समयानुसार 1:30 बजे) ईमेल प्राप्त हुए। ये सूचनाएं अलग-अलग चरणों में भेजी जा रही हैं, जिन्हें टाइम जोन के हिसाब से व्यवस्थित किया गया है। यह क्रम साफ नजर आया, पहले वर्क फ्रॉम होम फिर छंटनी।

## छंटनी के पीछे क्या है कारण?

इस प्रक्रिया से पहले मेटा में लगभग 78,000 कर्मचारी थे। अब, हजारों कर्मचारी बाहर हो चुके हैं तो हजारों कर्मचारियों को दूसरी जगहों पर भेजा जा रहा है। एक आंतरिक मेमो में चीफ पीपल ऑफिसर जेनेल गेल ने कहा कि 7,000 कर्मचारियों को नई AI-नेटिव टीमों में फिर से नियुक्त किया जाएगा। लगभग 6,000 खाली पद खत्म कर दिए गए हैं। मैनेजर स्तर के लोगों को कम किया जा रहा है।

## 'कुर्बानी' की शपथ लेकर शादी करने पहुंचे सैकड़ों जोड़े

# युद्ध के बीच तेहरान में सामूहिक निकाह


**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान की राजधानी तेहरान में अमेरिकी और इजरायली हमलों के बीच सैकड़ों जोड़ों की सामूहिक शादियां कराई गईं। इन जोड़ों ने सरकार समर्थित एक योजना के तहत युद्ध में अपनी जान कुर्बान करने की तैयारी जताई थी।

सोमवार देर रात तेहरान के कई बड़े चौकों पर ये समारोह आयोजित किए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केवल इमाम हुसैन चौक पर ही 100 से ज्यादा जोड़ों का निकाह कराया गया। इन समारोहों का प्रसारण सरकारी टीवी पर भी किया गया। माना जा रहा है कि ईरानी सरकार युद्ध के माहौल में लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन कर रही है। ईरानी मीडिया के अनुसार, इन लोगों ने 'जानफदा' यानी 'आत्म-बलिदान' योजना में हिस्सा लिया था। इसके तहत लोगों ने युद्ध के दौरान अपनी जान जोखिम में डालने की शपथ ली। रिपोर्ट्स में कहा गया कि इस योजना में लोग बिजलीघरों जैसे महत्वपूर्ण स्थानों के बाहर मानव श्रृंखला बनाकर सुरक्षा देने की भी बात कर रहे हैं।

एएफपी की तस्वीरों में देखा गया कि कई जोड़े मशीनगनों से लैस सैन्य जीपों में बैठकर इमाम हुसैन चौक पहुंचे। वहां एक मंच पर मौलवी की मौजूदगी में उनका निकाह कराया गया। मंच को गुब्बारों से सजाया गया था और वहां सर्वोच्च नेता आयतुल्ला मोजतबा खामेनेई की बड़ी तस्वीर भी लगाई गई थी।

> ईरानी अधिकारियों का दावा है कि संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन समेत लाखों लोगों ने इस योजना के समर्थन में अपना नाम दर्ज कराया है।



### युद्ध के बीच लगातार हो रहे सरकारी आयोजन

मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, केवल इमाम हुसैन चौक के समारोह में 110 जोड़ों ने हिस्सा लिया। वहां बड़ी संख्या में लोग गुलाब लेकर नवविवाहितों को शुभकामनाएं देने पहुंचे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी में शुरू हुए युद्ध के बाद से ईरानी सरकार लगभग हर दिन बड़े जनसभाओं और कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है, ताकि युद्ध के दौरान जनता के समर्थन और एकजुटता को दिखाया जा सके।

# इंडियन ऑयल के पास 1 महीने का कच्चा तेल स्टॉक

## ईरान जंग के कारण अब भी 50% सप्लाई प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकारी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOCL) के पास एक महीने से ज्यादा का क्रूड ऑयल स्टॉक है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बावजूद देश में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं होगी। हालांकि, हॉर्मुज रूट बंद होने से LPG के स्टॉक में थोड़ी कमी आई है, लेकिन पूरे देश में इसकी सप्लाई को मैनेज किया जा रहा है। इस रूट से भारत की 50% एनर्जी सप्लाई और खाड़ी देशों से आने वाली 90% LPG सप्लाई जुड़ी है, जो फिलहाल बाधित चल रही है।

वहीं, कंपनी का मुनाफा वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (Q4FY26) में 81% बढ़ गया है। यह बढ़कर 15,176.08 करोड़ पर पहुंच गया, जो पिछले साल की समान तिमाही में 8,367.63 करोड़ था।



IOCL के डायरेक्टर फाइनेंस अनुज जैन ने कहा, ₹क्रूड ऑयल और अन्य पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की सप्लाई के लिए हमारे पास कई अलग-अलग सोर्स मौजूद हैं। जब से मिडिल ईस्ट में विवाद शुरू हुआ है, तभी से हमारी सभी रिफाइनरियां फुल कैपेसिटी पर काम कर रही हैं। उन्होंने माना कि LPG की सप्लाई में कुछ बाधाएं आई थीं, लेकिन कंपनी ने LPG आयात के सोर्स बदल दिए हैं। खाड़ी देशों से गैस सप्लाई प्रभावित होने के बाद IOC ने इंडोनेशिया, नाइजीरिया, अंगोला और ओमान जैसे देशों से स्पॉट प्रोक्योरमेंट (तत्काल खरीद) शुरू कर दी है, जिससे देशभर में पर्याप्त LPG पहुंच रही है।

बता दें कि होर्मुज रूट ओमान की खाड़ी और फारस की खाड़ी के बीच स्थित दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुद्री जलमार्ग है। दुनियाभर में होने वाले कुल कच्चे तेल के व्यापार का लगभग 20% इसी संकरे रास्ते से गुजरता है। IOCL ने सोमवार को अपने वित्तीय नतीजे जारी किए।

**घटना : चालक जिमी जैक मैकडैनियल को ग्रेपवाइन जेल भेजा गया**

# टेक्सस में टेस्ला साइबर ट्रक को जानबूझकर झील में उतारा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के टेक्सस में टेस्ला साइबर ट्रक के एक मालिक को सोमवार की रात जेल जाना पड़ा। दरअसल, मामला यह है कि उसने अपनी इलेक्ट्रिक गाड़ी को ग्रेपवाइन झील में उतार दिया था ताकि वह उसके वेड मोड फीचर को टेस्ट कर सके। ग्रेपवाइन पुलिस के अनुसार, शाम करीब 8:00 बजे (स्थानीय समय) के आसपास, केटीज वुड्स बोट रैंप पर अधिकारियों और दमकलकर्मियों को बुलाया गया, क्योंकि उन्हें पानी में एक गाड़ी के होने की रिपोर्ट मिली थी।



वहीं, जब टीम वहां पहुंची तो उन्हें साइबर ट्रक किनारे के पास आंशिक रूप से डूबा हुआ मिला। इस घटना को वहां मौजूद लोगों ने अपने कैमरों में कैद कर लिया। इसके साथ ही जब ट्रक डूबने लगा, तो उनमें से एक ने मजाक में कहा, ₹आप यहां गाड़ी पार्क नहीं कर सकते। ग्रेपवाइन पुलिस ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, ₹पानी में गाड़ी को लेकर जाने से वह खराब हो गई और उसमें पानी भर गया। हालांकि, इस दौरान ड्राइवर और यात्री गाड़ी छोड़कर बाहर निकल आए, और ग्रेपवाइन दमकल विभाग की जल बचाव टीम ने गाड़ी को झील से बाहर निकालने में मदद की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ड्राइवर की पहचान जिमी जैक मैकडैनियल के रूप में हुई है। फिलहाल उसे ग्रेपवाइन जेल में बंद कर दिया गया है। उस पर पार्क या झील के बंद हिस्से में गाड़ी चलाने, बिना वैध बोट रजिस्ट्रेशन के गाड़ी चलाने, और पानी में सुरक्षा से जुड़े कई नियमों का उल्लंघन करने जैसे आरोप लगाए गए हैं।

टेस्ला की मालिक नियमावली में ड्राइवरों को चेतावनी दी गई है कि वे पानी में उतरने से पहले वहां के हालात की जांच कर लें। साथ ही, उन्हें गहरे या तेज बहाव वाले पानी में गाड़ी न चलाने की भी हिदायत दी गई है, क्योंकि ऐसा करने से गाड़ी को नुकसान पहुंच सकता है।

### ड्राइवर ने जान-बूझकर ट्रक को झील में उतारा

> ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि उसने जान-बूझकर ट्रक को झील में उतारा था ताकि वह वेड मोड का इस्तेमाल कर सके। यह साइबरट्रक की ऑफ-रोड सेटिंग्स में से एक है। टेस्ला के अनुसार, इस मोड का इस्तेमाल उथले पानी में धीरे-धीरे गाड़ी चलाने के लिए किया जाता है। इसमें गाड़ी को सुरक्षित रखने के लिए उसका सस्पेंशन ऊपर उठ जाता है। ड्राइवर को इसे खुद चालू करना पड़ता है, क्योंकि यह अपने आप चालू नहीं होता।

# ताइवान में उठी भारत विरोधी आवाज

## ऐक्शन में आई वहां की सरकार

**ताइपे, एजेंसी**

ताइवान में भारतीय प्रवासी मजदूरों को लेकर उठी कुछ विरोध की आवाजों और नस्लीय टिप्पणियों पर ताइवान सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत में ताइवान के दूतावास के रूप में काम करने वाले ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र (TECC) ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इन घटनाओं की निंदा की है और स्पष्ट किया है कि कुछ व्यक्तियों की यह सोच ताइवान के आधिकारिक रुख को नहीं दर्शाती। यह पूरा विवाद ताइवान में भारतीय कामगारों को नौकरी देने की नीति और मई 2026 में सामने आई एक ताजा नस्लभेदी घटना से जुड़ा है। हाल ही में ताइवान के काऊशुंग शहर में स्थानीय परिषद चुनाव के एक निर्दलीय उम्मीदवार ली हंग-यी ने एक बेहद आपत्तिजनक चुनाव प्रचार होर्डिंग लगाया। इस होर्डिंग में एक पगड़ीधारी व्यक्ति और उल्टे भारतीय झंडे को 'प्रतिबंध' (No) के निशान के साथ दिखाया गया था। गलत बयानबाजी और विरोधः उम्मीदवार ने तर्क दिया कि वह ताइवान सरकार द्वारा भारतीयों को काम के लिए बुलाने की नीति के खिलाफ है। इसके साथ ही, ताइवान के मुख्य विपक्षी दल (KMT) के कुछ नेताओं ने भी बिना किसी ठोस आधार के यह दावा किया कि भारतीय मजदूरों के आने से स्थानीय स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।



तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676